@Qpatrika @qaumipatrika hindi instagram.com/qaumipatrika

कौमी पत्रिका
राष्ट्रीय दैनिक अखबार

दिल्ली-हरियाणा-पंजाब-चण्डीगढ़-उत्तर प्रदेश से प्रसारित
बुधवार 18 जून 2025

VISIT: www.qaumipatrika.in
Email: qpatrika@gmail.com

R.N.I. No. UP-HIN/2007/21472 संपादक- गुरचरन सिंह बब्बर वर्ष 18 अंक 218 qaumipatrikahindi 011-41509689,23315814,9312262300 गाजियाबाद संवत् 2077-78, पेज (12) मूल्य 3.00 रूपये (हवाई शुल्क 50 पैसे अतिरिक्त)

हाथों में जैकेट, गले में शॉल, कनाडा में मोदी का भौकाल

खालिस्तानियों के गढ़ में भारत के प्रधानमंत्री का ये रौद्र रूप...

ओटावा/नई दिल्ली (एजेंसी)। एक तरफ जहां जी7 देशों का शिकर सम्मेलन कनाडा में हो रहा है। जहां दुनियाभर के बड़े नेताओं का जमावड़ा हो रहा है। वहीं दूसरी तरफ चरमपंथियों का फेवरेट डिस्टिनेशन बन चुके कनाडा की सड़कों पर खालिस्तानी भारत विरोधी गतिविधियां करते नजर आ रहे हैं। वो पीएम मोदी को धमकी देते और भारत विरोधी रैली निकाल रहे हैं। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी का विमान जब कनाडा के रॉकीज में स्थित रिसॉर्ट कनानास्किस में जी7 नेताओं के शिखर सम्मेलन के आउटरीच सत्र में भाग लेने के लिए कैलगरी में लैंड किया। मोदी का कैलगरी हवाई अड्डे पर औपचारिक स्वागत किया गया। भारत के कार्यवाहक उच्चायुक्त चिन्मय नाइक भी उनका स्वागत करने वालों में शामिल थे। इस दौरान वहां से आई तस्वीरों ने पूरी दुनिया का ध्यान अपनी ओर खींचा है। पीएम मोदी जब कनाडा में अपने प्लेन से नीचे उतरते हैं तो उनके हाथों में जैकेट और गले में शॉल नजर आता है। इस दौरान वो उन्हें रिसीव करने आए लोगों से अभिवादन करते नजर आते हैं। खालिस्तानी चरमपंथियों की धमकी और खुलेआम भारत विरोधी रैली के बाद कनाडा की जमीन पर पीएम मोदी का अलग ही स्वैग नजर आता है।

प्रधानमंत्री मोदी सोमवार शाम को यहां पहुंचे और यह एक दशक में मोदी की कनाडा की पहली यात्रा है। प्रधानमंत्री इस दौरान विश्व के नेताओं के साथ मुलाकात करेंगे और ऊर्जा सुरक्षा, प्रौद्योगिकी तथा नवाचार सहित महत्वपूर्ण वैश्विक मुद्दों पर चर्चा करेंगे। मोदी ने एक पोस्ट में कहा कि शिखर सम्मेलन में भाग लेने के लिए कनाडा के कैलगरी पहुंच गया हूं। शिखर सम्मेलन में विभिन्न नेताओं से मुलाकात करूंगा और महत्वपूर्ण वैश्विक मुद्दों पर अपने विचार साझा करूंगा। ग्लोबल साउथ की प्राथमिकताओं पर भी जोर दूंगा। ग्लोबल साउथ' शब्द का इस्तेमाल आम तौर पर आर्थिक रूप से कम विकसित देशों को संदर्भित करने के लिए किया जाता है।

पीएम मोदी के इस समिट में शामिल होने से जहां एक तरफ पाकिस्तान को एक तरफ मिर्ची लग रही है तो वहीं दूसरी तरफ खालिस्तानी भी बौखला गए हैं। इसलिए उन्होंने पीएम मोदी को धमकी दी है। इतना ही नहीं पीएम मोदी के दौरे के बीच खालिस्तानियों ने रोड शो भी निकाल लिया और जमकर देश विरोधी नारे लगाए। खालिस्तानी चरमपंथी प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के खिलाफ़ प्रदर्शन करने के लिए अल्बर्टा के कनानास्किस में एकत्र हुए।

कनाडाई पत्रकार डैनियल बोर्डमैन ने कहा कि प्रधानमंत्री मोदी की यात्रा से पहले, कैलगरी में खालिस्तानी अलगाववादियों के एक समूह ने मोदी विरोधी प्रदर्शन किया, जिसमें कनाडाई प्रधानमंत्री मार्क कार्नी से मोदी राजनीति को खत्म करने और अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रम्प से भारत की राजनीति को खत्म करने का आह्वान किया गया। बोर्डमैन ने इस यात्रा को घरेलू राजनीति, व्यापार और देश के चरमपंथ से निपटने के लिए निहितार्थ के साथ एक ÷महत्वपूर्ण÷ विकास के रूप में वर्णित किया। बोर्डमैन ने कहा कि खालिस्तान आंदोलन

भारत-कनाडा संबंधों में एक बड़ी बाधा है। उन्होंने जोर देकर कहा कि कनाडा में सक्रिय सिख अलगाववादी समूहों के प्रति कनाडा की नरमी, जिन्हें कथित तौर पर पाकिस्तान द्वारा वित्त पोषित किया जाता है, को भारत द्वारा आतंकवाद और बाल्कनीकरण के समर्थन के रूप में देखा जाता है।

ईरान-इजराइल टकराव तेज़: मोसाद मुयालय पर मिसाइलें

ट्रंप बोले– सिर्फ परमाणु हथियारों का अंत मंजूर

वाशिंगटन(एजेंसी)। तेहरान और तेल अवीव के बीच चल रहे तनाव ने मंगलवार को नया मोड़ ले लिया, जब ईरान ने इजराइल की खुफिया एजेंसी मोसाद के एक कथित मुख्यालय पर बैलिस्टिक मिसाइलें दागने का दावा किया। इस हमले के तुरंत बाद क्षेत्रभर में हवाई सुरक्षा अलर्ट जारी कर दिया गया, जबकि इजराइली रक्षा बल (आईडीएफ़) ने पश्चिमी तेहरान पर पलटवार करते हुए सटीक और लक्षित हमले जारी रखे हैं।

इसी बीच, जी-7 शिखर सम्मेलन से बीच में ही अमेरिका लौटे राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप ने वाशिंगटन में दो-टूक कहा, कि हम सिर्फ सीज़फायर के लिए बात नहीं कर रहे। हमारा लक्ष्य ईरान के परमाणु हथियार कार्यक्रम का पूरी तरह अंत है, इससे कम किसी समझौते पर सहमत नहीं होंगे।

जी-7 के बयान पर ईरान का तीखा पलटवार

जी-7 देशों के संयुक?त वक्तव्य में इजराइल के आत्मरक्षा के अधिकार का समर्थन किया गया था। ईरान के विदेश मंत्रालय ने इसे पक्षपातपूर्ण और तथ्य-विरोधी बताते हुए कहा कि बयान में हमारे शांतिपूर्ण परमाणु ढाँचे पर इजराइली हमलों और बेगुनाह नागरिकों की हत्या की अनदेखी की गई है। मंत्रालय के प्रवक्ता ने आरोप लगाया कि पश्चिमी देशों का यह रुख अग्न में घी डालने जैसा है।

ट्रंप ने गबार्ड से असहमति जताई

राष्ट्रपति ट्रंप ने राष्ट्रीय खुफिया निदेशक तुलसी गबार्ड के उस आकलन से असहमति जताई, जिसमें उन्होंने कहा था कि ईरान को अभी परमाणु बम बनाने में समय लगेगा। ट्रंप ने पत्रकारों से कहा, जब इजराइल ने हाल ही में कार्रवाई की, तब तेहरान बम बनाने के बिलकुल क़रीब था। यह ख़तरा अस्वीकार्य है। ट्रंप ने यह भी स्पष्ट किया कि वाशिंगटन ने अब तक ईरान से किसी सीज़फायर प्रस्ताव पर संपर्क नहीं किया है। अगर उन्हें बात करनी है, तो वे खुद हमसे राब्ता करें। उन्होंने कहा, पहले जो डील पेश की गई थी, उसे मान लेते तो कई जानें बच जातीं।

इलाके में युद्ध जैसा माहौल

तेहरान के पश्चिमी इलाक़े में हमलों के बाद स्थानीय निवासियों ने धमाकों और एंटी-एयरक्राफ्ट सायरनों की आवाज़ें सुनने की पुष्टि की है। सरकारी मीडिया के अनुसार ईरानी सुरक्षा बलों ने अधिकांश इजराइली मिसाइलों को हवा में ही नष्ट कर दिया। वहीं दूसरी तरफ इजराइली सैन्य सूत्रों के हवाले से बताया जा रहा है कि मोसाद परिसर पर ईरानी मिसाइलों से आंशिक क्षति हुई है, लेकिन गुप्त संचालन बुनियादी ढाँचा सुरक्षित है। इस बीच संयुक्त राष्ट्र सुरक्षा परिषद का आपात सत्र बुलाने की माँग बढ़ रही है।

ईरान में फंसे 10 हजार भारतीयों को जल्द किया जाएगा एयरलिफ्ट

नई दिल्ली (एजेंसी)। विदेश मंत्री एस जयशंकर ने इस बारे में अपने आर्मेनियाई समकक्ष अराराट मिर्जोया से बात की है। वहीं, एक सूत्र ने बताया कि शिराज और इसफहन से छात्रों को याज्द में शिफ्ट किया जा रहा है। भारतीय विदेश मंत्रालय के मुताबिक इंडियन एंबेसी तेहरान में हालात पर पूरी तरह से नजर रखे हुए है। इसके अलावा भारतीय छात्रों की सुरक्षा का भी पूरा ख्याल रखा जा रहा है। कुछ मामलों में छात्रों को एंबेसी के सुरक्षित ठिकानों पर रखा जा रहा है। इसके अलावा अन्य जगहों की भी तलाश की जा रहा है। जल्द ही ईरान में फंसे 10 हजार भारतीयों को एयरलिफ्ट किया जा सकता है।

इस बीच भारतीय दूतावास ने अपने 'एक्स' अकाउंट पर एक गूगल फॉर्म उपलब्ध कराया। सभी भारतीय नागरिकों से इसे भरकर अपना विवरण देने को कहा है। इसमें कहा गया है कि कृपया याद रखें, घबराने की जरूरत नहीं है, सावधानी बरतें और तेहरान में भारतीय दूतावास से संपर्क बनाए रखें। दूतावास ने सोशल मीडिया मंच 'एक्स' पर लिखा कि कृपया ध्यान दें कि यह टेलीग्राम लिंक केवल उन भारतीय नागरिकों के लिए है, जो वर्तमान में ईरान में हैं। भारतीय दूतावास ने आपात स्थिति के लिए कुछ फोन नंबर भी जारी



किए हैं। इधर, भारत सरकार ने कहा है कि वह इन छात्रों की सुरक्षा के लिए पूरी तरह से तैयार है। ईरान में फिलहाल करीब 10 हजार भारतीय हैं, जिनमें 6000 छात्र हैं। इसमें से करीब 600 छात्रों को तेहरान से कौम की तरफ रीलोकेट किया जा चुका है। इसके अलावा 110 छात्र उर्मिया से आर्मेनिया सीमा की तरफ जा चुके हैं। इन लोगों को जल्द से जल्द वहां से निकाल लिया जाएगा। विदेश मंत्री जयशंकर ने यूएई के डिप्टी पीएम और विदेश मंत्री शेख अब्दुल्ला बिन जाएद अल नाह्यान से भी बात की है। इन दोनों के बीच पश्चिमी एशिया में हालात को लेकर बात हुई। श्रीनगर से मिली रिपोर्ट्स के मुताबिक ईरान की विभिन्न यूनिवर्सिटीज में पढ़ाई करने वाले कश्मीरी छात्र वहां पर फंसे हुए हैं।

पाकिस्तान की ओर बहती नदियों का पानी पंजाब, हरियाणा, राजस्थान में होगा डायवर्ट

* 113 किमी लंबी नहर बनाकर रोका जाएगा सिंधु का पानी

नई दिल्ली (एजेंसी)। भारत 113 किलोमीटर लंबी नहर के निर्माण की संभावना पर गौर कर रहा है, जिससे सिंधु जल का पानी रोककर भारत के 3 राज्यों पंजाब, हरियाणा और राजस्थान में भेजा जा सके। यह कदम सिंधु जल संधि के तहत भारत के हिस्से के जल का बेहतर इस्तेमाल के लिए उठाया गया है। साल 1960 में यह संधि हुई, जिसमें भारत और पाकिस्तान के बीच 6 नदियों (सिंधु, झेलम, चिनाब, रावी, ब्यास और सतलुज) के पानी के बंटवारे का प्रावधान है। भारत अब पश्चिमी नदियों (झेलम, चिनाब और सिंधु) के अतिरिक्त जल को नहरों के जरिए उपयोगी क्षेत्रों में ले जाना चाहता है, जो फिलहाल पाकिस्तान की ओर बहती हैं।

सूत्रों के अनुसार, यह प्रोजेक्ट अभी शुरुआती चरण में है। इसकी संभावना को लेकर रिपोर्ट तैयार की जा रही है। इस परियोजना के तहत चिनाब को रावी-ब्यास-सतलुज से जोडने़ वाली नई नहर बनाई जाएगी, जिसके अगले तीन वर्षों में पूरा होने की उम्मीद है। केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह ने शनिवार को मध्य प्रदेश में भाजपा प्रशिक्षण सत्र के दौरान अहम बयान दिया था। उन्होंने कहा कि अगले तीन वर्षों में सिंधु का जल राजस्थान के गंगानगर तक नहरों के जरिए पहुंचाया जाएगा, जिससे पाकिस्तान पानी की हर बूंद के लिए तरसेगा। रिपोर्ट के मुताबिक, प्रस्तावित नहर को यमुना से जोडने़ का भी प्लान है। इससे नहर की लंबाई 200 किलोमीटर हो सकती है।

हम भाषाओं को लेकर कैसे विभाजित हो सकते हैं? : जगदीप धनखड़

पुडुचेरी (एजेंसी)। उपराष्ट्रपति जगदीप धनखड़ ने मंगलवार को पांडिचेरी विश्वविद्यालय में सवाल किया कि हम भाषाओं को लेकर कैसे विभाजित हो सकते हैं? उपराष्ट्रपति पांडिचेरी विश्वविद्यालय के कुलाधिपति भी हैं।अपने सम्बोधन में धनखड़ ने राष्ट्रीय शिक्षा नीति 2020 को अक्षरशः लागू करने की वकालत की है। उपराष्ट्रपति धनखड़ ने कहा है कि राष्ट्रीय शिक्षा नीति भारत के शिक्षा क्षेत्र में बड़ा बदलाव लाएगी और इससे देश के विकास को भी गति मिलेगी। उपराष्ट्रपति ने राष्ट्रीय शिक्षा नीति को न लागू करने वाले राज्यों से अपील करते हुए कहा कि वे इसे लागू करें। ये नीति महत्वपूर्ण बदलाव लाएगी।

उपराष्ट्रपति जगदीप धनखड़ ने पांडिचेरी विश्वविद्यालय में कहा कि पिछले दशक में अभूतपूर्व विकास के कारण भारत दुनिया का सबसे महत्वाकांक्षी राष्ट्र है। उपराष्ट्रपति ने सवाल किया कि हम भाषाओं को लेकर कैसे विभाजित हो सकते हैं? उपराष्ट्रपति धनखड़ ने कहा कि दुनिया में मौजूद कोई भी देश भाषाओं के मामले में भारत की तरह समृद्ध नहीं है। उन्होंने कहा कि संसद में भी सदस्यों को 22 भाषाओं में बोलने की इजाजत है। भारत की भाषाएं समावेशिता का संकेत देती हैं। उपराष्ट्रपति धनखड़ ने कहा कि हमें गंतव्य को देखना चाहिए, भविष्य को ध्यान में रखना चाहिए और तूफान से उबरना चाहिए।

उपराष्ट्रपति जगदीप धनखड़ ने राष्ट्रीय शिक्षा नीति को दुनिया की सबसे अच्छी पॉलिसी बताया है। उन्होंने कहा कि ये नीति छात्रों को प्रतिभा और क्षमता का पूरा इस्तेमाल करने के साथ ही आगे बढ़ने और समय का सही इस्तेमाल करने का मौका देती है। उपराष्ट्रपति ने कार्यशालाओं का आयोजन कर के छात्रों को इस नीति के बारे में पूरी तरह से अवगत कराने की भी जरूरत पर जोर दिया है। उपराष्ट्रपति जगदीप धनखड़ ने सोमवार को विश्व शांति की स्थापना पर जोर दिया। उन्होंने कहा कि किसी भी देश की प्रगति के लिए शांति आवश्यक है। यह मजबूत स्थिति से आती है। पुडुचेरी में उपराष्ट्रपति ने जवाहरलाल स्नातकोत्तर चिकित्सा शिक्षा एवं अनुसंधान संस्थान (जेआईपीएमईआर) के छात्रों और कर्मचारियों को संबोधित किया।

मंगलवार को एक विमान की आपात लैंडिंग, एक उड़ान बीच में ही रद्द

कोलकाता/नई दिल्ली (एजेंसी)। अहमदाबाद विमान हादसे के बाद से लगातार विभिन्न विमानों में तकनीकी दिक्कतों की बात सामने आ रही है। मंगलवार को भी इंजन में खराबी के चलते एक उड़ान को बीच में ही रद्द करना पड़ा तो वहीं एक अन्य विमान की बम की धमकी के बाद आपात लैंडिंग कराई गई। एयर इंडिया के सैन फ्रांसिस्को से मुंबई जा रहे विमान के इंजन में तकनीकी खराबी आने के बाद कोलकाता हवाई अड्डे पर उसके निर्धारित ठहराव के दौरान सभी यात्रियों को विमान से उतार लिया गया। सूत्रों के अनुसार उड़ान संख्या एआई 180 कोलकाता हवाई अड्डे पर रात पौने एक बजे पहुंची।

इसे दो बजे वापस मुंबई के लिए उड़ान भरनी थी लेकिन विमान के बाएं इंजन में तकनीकी खराबी के चलते इसकी उड़ान को रद्द कर दिया गया और सुबह 5.20 बजे विमान से सभी यात्रियों को उतार लिया गया। यात्रियों को बार-बार थोड़ी देर में उड़ान भरने का आश्वासन दिया जाता रहा लेकिन आखिर में उड़ान को रद्द करना पड़ा। इसके बाद हवाई अड्डे पर यात्रियों में अफरा-तफरी मच गई और उन्होंने किसी अन्य उड़ान से जल्द से जल्द मुंबई भिजवाने की मांग की। आखिर में मुंबई की अधिकांश फ्लाइट पहले से भरी होने के चलते यात्रियों को होटल में रुकने के लिए राजी किया गया। वहीं, एयर इंडिया की अहमदाबाद से लंदन जाने वाली उड़ान को मंगलवार को परिचालन संबंधी दिक्कतों का हवाला देते हुए रद्द कर दिया गया। एयर इंडिया की आधिकारिक वेबसाइट पर इसकी जानकारी दी गई। एयर इंडिया ने विमान हादसे के बाद सोमवार को ही अहमदाबाद से लंदन के लिए उड़ान बहाल की थी। पहले इस उड़ान का कोड एआई-171 था जिसे हादसे के बाद बदलकर एआई-159 कर दिया गया है।

वेबसाइट पर दी गई जानकारी के अनुसार दोपहर तीन बजे लंदन के लिए निर्धारित उड़ान को परिचालन संबंधी दिक्कतों के चलते रद्द कर दिया गया है। हालांकि अधिकारियों ने परिचालन संबंधी समस्याओं के बारे में विस्तार से नहीं बताया। बम की धमकी के बाद नागपुर हवाई अड्डे पर आपात लैंडिंग कराई इंडिगो की उड़ान संख्या 6ई 2706 को बम की धमकी मिलने के बाद मंगलवार को नागपुर हवाई अड्डे पर आपात लैंडिंग करानी पड़ी। विमान मस्कट से कोच्चि होते हुए दिल्ली जा रहा था। कोच्चि से उड़ान भरने के बाद बम की धमकी मिलने पर विमान की नागपुर हवाई अड्डे पर आपात लैंडिंग कराई गई।

पुलिस उपायुक्त लोहित मतानी ने बताया कि सभी यात्री सुरक्षित हैं। विमान की शुरुआती जांच में कुछ भी संदिग्ध नहीं मिला है। आगे की जांच जारी है। कोच्चि अंतरराष्ट्रीय हवाई अड्डे द्वारा जारी बयान के अनुसार उनकी आधिकारिक ईमेल पर बम की धमकी दी गई थी। विमान में 157 यात्री व 6 क्रू सदस्य सवार थे। वायु विक्षोभ के बीच लखनऊ में सुरक्षित उतरा विमान इंडिगो के गोवा से लखनऊ जा रहे विमान को वायु विक्षोभ के बीच लखनऊ पर सुरक्षित उतार लिया गया। एयरलाइन ने मंगलवार को एक बयान में बताया कि 16 जून को उत्तर गोवा से लखनऊ तक इंडिगो की उड़ान संख्या 6ई 6811 को पश्चिमी भारत में सक्रिय मानसून के कारण कुछ देर के लिए वायुमंडलीय

विक्षोभ का सामना करना पड़ा। उसने कहा कि ऐसी स्थिति से निपटने के लिए प्रशिक्षित विमान के पायलट और चालक दल ने स्थापित प्रोटोकॉल का पालन किया।

भारत की जीडीपी 2025 में 6.2 प्रतिशत की दर से बढ़ने का अनुमान - एचएसबीसी

नई दिल्ली (एजेंसी)। एचएसबीसी ग्लोबल प्राइवेट बैंकिंग रिपोर्ट में मंगलवार को कहा गया कि भारत इस साल की तीसरी तिमाही में वैश्विक स्तर पर निवेश के लिए एक उज्ज्वल स्थान बना रहेगा, जिसे मजबूत घरेलू उपभोग, अनुकूल व्यापार गतिशीलता और सहायक मौद्रिक नीति का समर्थन प्राप्त है। साथ ही, भारत की जीडीपी 2025 में 6.2 प्रतिशत की दर से बढ़ने का अनुमान है, जिससे यह सबसे तेजी से बढ़ने वाली प्रमुख अर्थव्यवस्था बन जाएगी। एचएसबीसी ने अपने लेटेस्ट इंवेस्टमेंट आउटलुक में कहा कि वह भारतीय इक्विटी और स्थानीय मुद्रा बॉन्ड पर सकारात्मक रुख बनाए रखता है। एचएसबीसी ने अपने लेटेस्ट इंवेस्टमेंट आउटलुक में कहा कि वह भारतीय इक्विटी और स्थानीय मुद्रा बॉन्ड पर सकारात्मक रुख बनाए रखता है। इक्विटी में यह लार्ज–कैप स्टॉक को प्राथमिकता देता है। साथ ही, अधिक घरेलू क्षेत्रों जैसे वित्तीय, स्वास्थ्य सेवाओं और उद्योगों पर ध्यान केंद्रित करने की सलाह देता है। रिपोर्ट में कहा गया है, 'मजबूत घरेलू उपभोग, अनुकूल व्यापार गतिशीलता और अकोमोडेटिव मौद्रिक नीति द्वारा समर्थित भारत की आर्थिक मजबूती 2025 की दूसरी छमाही के लिए एक आशाजनक मंच तैयार करती है।'

सपा प्रमुख अखिलेश का विधानसभा चुनाव पर बड़ा ऐलान

-2027 में इंडिया गठबंधन लड़ेगा यूपी चुनाव

लखनऊ (एजेंसी)। लखनऊ(ईएमएस)। अखिलेश यादव ने कहा कि 2027 में इंडिया गठबंधन चुनाव लड़ेगा। इमरान मसूद के बयान पर उन्होंने कहा कि हम इंडिया गठबंधन में हैं। जिसे बाहर जाना है, चला जाए। इमरान मसूद ने कहा था कि आजम खान की बर्बादी पर अखिलेश की जुबां क्यों नहीं खुलती। 2022 में मुसलमानों ने सपा को एकतरफा वोट दिया। फिर भी आप सरकार नहीं बना पाए। सपा प्रमुख ने कहा कि बीजेपी सरकार मंडी नहीं चलाएगी, आपको ऑर्गेनिक वाइन पिलाएगी। आम पर नहीं वाइन पर ध्यान देगी। इनका एजेंडा नौकरी, कारोबार नहीं लोगों को डराना है। बीजेपी के प्रोपेगंडा का मुकाबला कोई नहीं कर सकता। ये लोग फर्जी न्यूज बनाकर बदनाम कर सकते हैं। गुजरात के अहमदाबाद में प्लेन क्रैश की इतना बड़ा हादसा हो गया। मगर किसी जिम्मेदार ने इस्तीफा नहीं दिया। बीजेपी, आरएसएस के वाट्सएप ग्रुप के जरिए लोगों को भ्रमित कर रही है। पीडीए इमोशनल गठबंधन है। पी फॉर पसमांदा समाज भी हमारे साथ है। सपा प्रमुख ने यह बातें लखनऊ में प्रेस कॉन्फ्रेंस के दौरान कहीं।

पीएम मोदी के नेतृत्व में भारतीय रेलवे का ऐतिहासिक कायाकल्प हुआ है : रेल मंत्री अश्विनी वैष्णव

अहमदाबाद (एजेंसी)। केंद्रीय रेल मंत्री अश्विनी वैष्णव ने आज कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में भारतीय रेलवे ने पिछले 11 वर्षों में एक अभूतपूर्व परिवर्तन देखा है। उन्होंने कहा कि 2014 से पहले दशकों तक रेलवे उपेक्षा का शिकार रहा, जहां मात्र रु. 25–30 हजार करोड़ का वार्षिक निवेश होता था। लेकिन अब यह निवेश बढ़कर रु. 2.5 लाख करोड़ तक पहुंच गया है, जो रेलवे के बुनियादी ढांचे और सुविधाओं के विकास को रफ्तार दे रहा है। वैष्णव ने कहा, रेलवे में वर्षों से जमा हुई लेगेसी समस्याएं अब एक–एक कर समाप्त हो रही हैं। स्टेशन, ट्रेन, शौचालय, ट्रैक, सफाई, तकनीक—हर क्षेत्र में व्यापक सुधार किया गया है। यात्रियों को नई सुविधाएं दी जा रही हैं और इंडस्ट्री के साथ मिलकर एकीकृत विकास को प्राथमिकता दी जा रही है। वैष्णव ने हरियाणा के मानेसर में मारुति प्लांट में रेलवे साइडिंग सुविधा के उद्घाटन के अवसर पर बोलते हुए प्रमुख घोषणाएं और उपलब्धियां गिनायी।

मौसम विभाग की देश के 14 राज्यों में मूसलाधार बारिश की चेतावनी

नई दिल्ली (एजेंसी)। राजधानी दिल्ली सहित देश के कई राज्यों में मौसम का मिजाज बदला है। मौसम विभाग ने अगले 24 घंटे के दौरान देश के 14 राज्यों में मूसलाधार बारिश की चेतावनी दे दी है। मौसम विभाग ने बताया कि 18 जून के दौरान तमिलनाडु, पुडुचेरी, तेलंगाना, कराईकल, केरल और माहे, लक्षद्वीप, कर्नाटक में तेज हवाओं के साथ भारी बारिश हो सकती है। अलग–अलग स्थानों पर गरज, बिजली और 40–50 किमी प्रति घंटे की रफ्तार से तेज़ हवाएं चलने की संभावना है। वहीं 18 से 20 जून के दौरान गुजरात, कोंकण, गोवा, मध्य महाराष्ट्र, मराठवाड़ा और अंडमान और निकोबार द्वीप समूह में गरज के साथ बारिश के आसार हैं। इस दौरान 30–40 किमी प्रति घंटे की रफ्तार से हवाएं चल सकती हैं। वहीं अगले 24 घंटे के दौरान मध्य प्रदेश, विदर्भ, छत्तीसगढ़, पश्चिम बंगाल के गंगा के मैदानी इलाकों, बिहार, झारखंड, ओडिशा में आंधी–तूफान के साथ बारिश की संभावना है। वहीं, उत्तराखंड, पूर्वी उत्तर प्रदेश में छिटपुट भारी वर्षा की संभावना है। 21 और 22 जून को जम्मू–कश्मीर, लद्दाख–गिलगित–बाल्टिस्तान–मुजफ्फराबाद, हिमाचल प्रदेश में बारिश हो सकती है। मौसम विभाग ने बुधवार तक दिल्ली के लिए येलो अलर्ट जारी किया है, जिसमें गरज के साथ हल्की से मध्यम बारिश की संभावना है। साथ ही 50–60 किमी प्रति घंटे की रफ्तार से तेज हवाएं चल सकती हैं। दिल्ली–एनसीआर में आज भी आसमान में बादल छाए हुए हैं। आज शाम तक हल्की बारिश हो सकती है।

इन राज्यों में भारी बारिश की चेतावनी ~ केरल, तमिलनाडु, कर्नाटक, गोवा, महाराष्ट्र, गुजरात, मध्य प्रदेश, छत्तीसगढ़, ओडिशा, पश्चिम बंगाल, झारखंड, बिहार, सिक्किम, उत्तराखंड और हिमाचल प्रदेश हैं।

संक्षिप्त समाचार

तुर्किये में हॉट एयर बैलून दुर्घटनाग्रस्त, पायलट की मौत, 19 पर्यटक घायल

अंकारा, एजेंसी। मध्य तुर्किये में रविवार को दो हॉट एयर बैलून दुर्घटनाएं हुईं। एक हादसे में हॉट एयर बैलून के पायलट की मौत हो गई और 19 इंडोनेशियाई पर्यटक घायल हो गए। एक अन्य हादसे में 12 भारतीय पर्यटक मामूली रूप से घायल हो गए। सरकारी अनादोलु एजेंसी के अनुसार, इल्हारा घाटी के उसी स्थान से उड़ान भरने वाले एक अन्य हॉट एयर बैलून ने भी रविवार सुबह आपात लैंडिंग की। इसमें 12 भारतीय पर्यटक मामूली रूप से घायल हो गए और उन्हें अस्पताल ले जाया गया। गवर्नर के कार्यालय की तरफ से जारी बयान के अनुसार, दोनों बैलून हवा में अचनाक बदलाव के कारण प्रभावित हुए थे। अक्सराय के गवर्नर मेहमत अली कुम्बुजोग्लू ने बताया कि पहली घटना में गुब्बारा अक्सराय प्रांत के गोज्लुकुयू गांव के पास तेजी से उतरने का प्रयास कर रहा था। तभी पायलट गुब्बारे की टोकरी से बाहर गिर गया और उसके पैर रस्सी में उलझ गए। उन्होंने कहा, दुर्भाग्यवश हमारा पायलट टोकरी के नीचे फंस गया और उसकी मौत हो गई। उन्होंने बताया कि घायल पर्यटकों को अस्पताल ले जाया गया है।

ईरान के साथ खड़ा है पाकिस्तान : शहबाज

इस्लामाबाद, एजेंसी। पाकिस्तान के प्रधानमंत्री शहबाज शरीफ ने ईरान के राष्ट्रपति मसूद पेजेशकियन से बात कर एकजुटता जताई। उन्होंने इस्राइल के हमले को स्पष्ट तौर पर उकसावे का कृत्य बताया। शरीफ ने शनिवार को पेजेशकियन से टेलीफोन पर बातचीत में ईरान के खिलाफ इस्राइल के हमलों की कड़ी निंदा की। उन्होंने कहा कि यह हमला ईरान की संप्रभुता व क्षेत्रीय अखंडता तथा संयुक्त राष्ट्र चार्टर व अंतराष्ट्रीय कानून का पूर्ण उल्लंघन है। शरीफ ने सोशल मीडिया पोस्ट में कहा, आज ईरान के राष्ट्रपति डॉ. मसूद पेजेशकियन से बात की। इस्राइल के अकारण हमले के सामने ईरान के लोगों के साथ पाकिस्तान की अटूट एकजुटता व्यक्त की।

ब्रिटेन की खुफिया एजेंसी एमआई 6 की चीफ बनीं ब्लेस मेट्रेवेली

लंदन, एजेंसी। ब्रिटेन की खुफिया एजेंसी एमआई6 के प्रमुख के पद पर ब्लेस मेट्रेवेली की नियुक्ति हुई है। इस पद पर पहुंचने वाली ब्लेस पहली महिला अधिकारी हैं। 47 वर्षीय मेट्रेवेली, इससे पहले एमआई6 की तकनीकी शाखा की प्रमुख थीं, उन्हें कोड नेम क्यू से भी जाना जाता है। मेट्रेवेली ने साल 1999 में एमआई6 में काम शुरू किया था और अपने करियर के अधिकतर समय वे ऑपरेशनल भूमिकाओं में पश्चिम एशिया और यूरोप में तैनात रही हैं। एमआई6 के मौजूदा प्रमुख रिचर्ड मूर अपना पांच साल का कार्यकाल पूरा कर जल्द ही रिटायर होने वाले हैं। मेट्रेवेली की सबसे बड़ी चुनौती रूस, चीन और ईरान से निपटने की होगी।

मिनेसोटा में गोलीबारी का आरोपी पकड़ा गया

मिनेसोटा , एजेंसी। मिनेसोटा में हाल ही में दो राज्य विधायकों पर गोली चलाने वाला आरोपी पकड़ा गया है। आरोपी वेंस बोएलटर को रविवार शाम को गिरफ्तार किया गया। हालांकि जांच एजेंसियों ने गिरफ्तारी को लेकर ज्यादा जानकारी साझा नहीं की है। बोएलटर पर मिनेसोटा की पूर्व डेमोक्रेटिक स्पीकर मेलिसा होर्टमैन और उनके पति मार्क पर शनिवार को गोली मारने का आरोप है। इस हमले में दोनों की मौत हो गई थी। इसके बाद बोएलटर ने स्टेट सीनेटर जॉन हॉफमैन और उनकी पत्नी पर भी गोली चलाई थी। दोनों घायल हैं। पुलिस ने आरोपी को मिनेसोटा में अपने घर से कुछ मील दूर ही पकड़ा। पुलिस ने आरोपी पर 50 हजार डॉलर का इनाम घोषित किया था।

इजरायल और ईरान में किसकी सेना ज्यादा ताकतवर, रक्षा बजट में बड़ा अंतर

येरूशलम, एजेंसी। ईरान और इजरायल के बीच जारी संघर्ष अब और घातक होने की आशंका है। एक ओर जहां इजरायल लगातार अभियान जारी रखने की बात कर रहा है। वहीं, खबरें हैं कि ईरान ने साफ कर दिया है कि जवाबी कार्रवाई से पहले उसकी तरफ से कोई सीजफायर नहीं किया जाएगा। शुक्रवार को इजरायल ने ईरान में कई ठिकानों पर एयर स्ट्राइक की थी। इजरायल ने ईरान के परमाणु, मिसाइल और सैन्य ठिकानों पर हमला करने के लिए शुक्रवार को 'ऑपरेशन राइजिंग लॉयन' शुरू किया था। इस हमले में ईरान के प्रमुख सैन्य कमांडर और परमाणु वैज्ञानिकों की मौत हो गई। ईरान ने इजरायल पर ड्रोन और बैलिस्टिक मिसाइल से जवाबी हमले किए हैं। दोनों देशों के बीच संघर्ष के चौथे दिन तेल अवीव में सुबह तेज धमाकों की आवाजें सुनाई दीं जो संभवत : इजरायल की रक्षा प्रणाली द्वारा ईरान के मिसाइल हमलों को नाकाम करने की थी। मध्य इजरायल के शहर पेटाह टिकवा के अधिकारियों ने बताया कि ईरानी मिसाइलों ने एक आवासीय इमारत को निशाना बनाया जिससे दीवारें जलकर खाक हो गईं, खिड़कियों के शीशे टूट गए और कई अपार्टमेंट को भारी नुकसान हुआ। बचाव दल घटनास्थलों पर मौजूद हैं, हालांकि हताहतों की संख्या के बारे में फिलहाल कोई जानकारी नहीं दी गई है।

इजराइल का अब ईरान के विदेश मंत्रालय पर अटैक : अब तक 224 की मौत

तेहरान/तेल अवीव, एजेंसी। ईरान और इजराइल के बीच चौथे दिन भी लड़ाई जारी है। इजराइल ने रविवार रात ईरान के विदेश मंत्रालय पर हमला किया। इसमें 100 से ज्यादा लोग घायल हो गए। इससे एक दिन पहले इजराइली सेना ने ईरानी रक्षा मंत्रालय पर भी हमला किया था। ईरान के स्वास्थ्य मंत्रालय ने बताया कि इजराइली हमलों में अब तक 224 लोग मारे जा चुके हैं, जबकि 1,277 से ज्यादा घायल हुए हैं। वहीं, अमेरिका में स्थित ह्यूमन राइट्स एक्टिविस्ट्स ग्रुप ने ईरान में 406 लोगों के मारे जाने का दावा किया है। ईरान ने भी इजराइल पर पलटवार किया है। ईरान ने सोमवार सुबह सेंट्रल इजराइल में 4 बैलिस्टिक मिसाइलों से हमला किया। इसमें 5 लोगों की मौत हो गई, जबकि 90 घायल हुए। अब तक इजराइल में ईरानी हमलों में 20 लोग मारे गए हैं, जबकि करीब 500 घायल हुए हैं।

तेल अवीव की सड़कों पर भी खौफ, इजरायल के जवाब में ईरान के भी ताबड़तोड़ हमले : इजरायल ने बीते सप्ताह ईरान पर ताबड़तोड़ हमले किए थे। तड़के 3 बजे ही इजरायली मिसाइलें ईरान के परमाणु ठिकानों पर बरसीं और सेना प्रमुख समेत 20 टॉप सैन्य कमांडरों को मार डाला गया। इन हमलों के बाद इजरायल को लगा होगा कि शायद इससे ईरान दहशत में होगा और मजबूत जवाब नहीं दे सकेगा। लेकिन अब तक के हालात से अंदाजा लग रहा है कि शायद इजरायल गलत था। ईरान की भले ही टॉप मिलिट्री लीडरशिप हमले में मारी गई, लेकिन वह जल्दी ही उससे उबरता दिखा है। उसने रविवार रात को इजरायल पर जमकर हमले बोले। यहां तक कि इजरायल की राजधानी तेल अवीव पर भी मिसाइलें बरसी हैं।

सोमवार सुबह तेल अवीव में बसे इजरायली उठे तो चारों तरफ मलबा था। कई इमारतें जमींदोज हो गई। चारों तरफ लोग खौफ में दिख रहे हैं और सुरक्षित ठिकानों की तलाश में हैं। सीएनएन की रिपोर्ट के मुताबिक तेल अवीव में ही ईरान की 4 बलिस्टिक मिसाइलें गिरी हैं। बंकर में छिपी एक महिला ने बताया कि उसने नीचे से ही धमाकों की आवाज महसूस की। यह बहुत तेज थी और मिसाइलों के हमले के चलते इमारतें पल भर में धराशायी हो गईं। महिला ने बताया कि सुबह होने पर जब हम बाहर निकले तो डर रहे थे। हर कोई खौफ में था। यहां तक कि हम मलबे के बीच से होते हुए गुजरे तो लोगों ने नाक बंद कर रखी थी। इसकी वजह यह थी कि हमें डर था कि कहीं हम सांस लेते हुए बारूद ही न अंदर ले जाएं।

करीब 10 इजरायलियों को अस्पताल ले जाया गया है और 4 लोगों की मौत हुई है। इसके अलावा कई इमारतें गिरी हैं। इजरायलियों के घायल या हताहत होने की संख्या बढ़ सकती थी, लेकिन पहले से ही सतर्क यहूदी मुल्क के ज्यादातर लोग बंकरों में छिपे रहे या फिर सुरक्षित ठिकानों में बने रहे। सोमवार को सुबह बड़ी संख्या में तेल अवीव की सड़कों पर खौफजदा इजरायली यह देखने के लिए निकले कि आखिर ईरान के हमलों से कितना नुकसान हुआ है। रात भर हुए ईरानी हमलों में 4 लोगों की मौत की खबर है। बीते 4 दिनों से जारी जंग में ईरानी हमलों में कुल 17 इजरायली मारे गए हैं। एक्सपर्ट बोले- इजरायल ने ईरान को कम आंकने की भूल की मिडल ईस्ट के मामलों की जानकार त्रिता पारसी का कहना है कि इजरायल ने ईरान की क्षमता को कम आंका था। उन्हें शायद अंदाजा नहीं था कि भीषण हमले के बाद भी ईरान इस तरह से उठ खड़ा होगा। क्विंसी इंस्टिट्यूट की वाइस प्रेसिडेंट पारसी ने कहा कि इजरायलियों को लगा था कि वे अपने हमले से ईरान की कमांड को खत्म कर देंगे। उन्हें इस बात का अनुमान नहीं था कि ईरान इतनी मजबूती के साथ फिर से खड़ा होगा और जवाब देगा। उन्होंने कहा कि आज हम देख रहे हैं कि ईरानी मिसाइलें इजरायल के अंदर घुसकर हमले कर रही हैं। उन्हें रोकने में इजरायल का एयर डिफेंस सिस्टम कमजोर दिख रहा है।

अगर ईरान पर परमाणु हमला हुआ तो इस्राइल पर परमाणु बम बरसाएगा पाकिस्तान, शीर्ष अधिकारी का दावा

तेहरान, एजेंसी। पश्चिम एशिया में बढ़ते तनाव के बीच ईरान के सैन्य बलों के एक शीर्ष अधिकारी ने दावा किया है कि अगर इस्राइल ईरान पर परमाणु हमला करता है तो पाकिस्तान उस पर परमाणु बम बरसाएगा। जनरल मोहसेन रेजा की यह टिप्पणी ईरान के सरकारी टेलीविजन पर एक साक्षात्कार के दौरान आई। बीते कुछ दिनों से ईरान और इस्राइल एक-दूसरे पर मिसाइल हमले कर रहे हैं।

इस्लामिक रिवोल्यूशनरी गार्ड कॉर्प्स (आईआरजीसी) के एक वरिष्ठ अधिकारी और ईरान की राष्ट्रीय सुरक्षा परिषद के सदस्य रेजाई ने कहा, पाकिस्तान ने हमें आश्वासन दिया है कि अगर इस्राइल ईरान पर परमाणु बम का इस्तेमाल करता है, तो वे इस्राइल पर परमाणु बम से हमला करेंगे। परमाणु हथियारों को खत्म करने के लिए अंतरराष्ट्रीय अभियान आईसीएएन के मुताबिक, इस्राइल और पाकिस्तान उन नौ देशों में शामिल हैं, जिनके पास वर्तमान में परमाणु हथियार हैं। पाकिस्तान ने ईरान के साथ खड़े होने का वादा किया रेजाई ने आगे कहा कि पाकिस्तान ने ईरान के साथ खड़े होने का वादा किया है। उन्होंने मुस्लिम देशों को एकजुट होने का आह्वान भी किया। उन्होंने दावा किया कि तेहरान के पास छिपी हुई क्षमताएं हैं, जिन्हें अभी तक उजागर नहीं किया गया है। पाकिस्तान की ओर से अब तक कोई टिप्पणी नहीं इस्राइल के खिलाफ परमाणु हथियारों के इस्तेमाल पर पाकिस्तान की ओर से अब तक कोई टिप्पणी नहीं की गई है, लेकिन उसने इस्राइल के खिलाफ लड़ाई में ईरान का समर्थन किया है। पाकिस्तान के रक्षा मंत्री ख्वाजा आसिफ ने पिछले सप्ताह कहा था कि हम हर तरह से ईरान के साथ खड़े हैं। हम ईरानी हितों की रक्षा करेंगे। डोनाल्ड ट्रंप ने किया समझौते का दावा इस बीच अमेरिका के राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप ने दावा किया है कि वह पश्चिम एशिया में दो युद्धरत देशों के बीच एक समझौते पर काम करने की कोशिश कर रहे हैं।

यूक्रेन जंग में उ कोरिया का नुकसान, गंवाए हजारों सैनिक; पुतिन-किम जोंग की दोस्ती पर आएगी आंच?

मास्को, एजेंसी। रूस और यूक्रेन के बीच बीते 3 सालों से जारी जंग में उत्तर कोरिया की एंट्री ने सबका ध्यान खींचा था। उत्तर कोरिया के तानाशाह किम जोंग उन ने अपने दोस्त पुतिन की मदद के लिए हजारों उत्तर कोरियाई सैनिकों को रूस की ओर से लड़ने के लिए भेजा था। अब हाल ही में यह खबर सामने आई है कि उत्तर कोरिया को जंग में भारी नुकसान पहुंचा है। ब्रिटिश डिफेंस इंटेलीजेंस ने हाल ही में दावा किया है कि यूक्रेन में रूसी सेना की ओर से लड़ रहे हजारों उत्तर कोरियाई सैनिक हताहत हुए हैं। इस रिपोर्ट में दावा किया गया है कि रूस यूक्रेन जंग में कम से कम 6000 उत्तर कोरियाई सैनिक या तो मारे गए हैं, या इनमें से कुछ मारे गए और कुछ घायल हुए हैं। बता दें कि किम जोंग अब तक अपने 11 हजार से ज्यादा सैनिकों को रूस भेज चुके हैं। इनमें से आधे सैनिकों के हताहत की होना किम जोंग के लिए अच्छी खबर नहीं है। ब्रिटेन के रक्षा मंत्रालय ने रविवार को अपने आधिकारिक सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म पर यह आंकड़े साझा किए हैं। इस दौरान यह भी कहा गया है कि किम जोंग ने हाल ही में अन्य सैनिकों को भी रूस भेजा है। बताया गया कि उत्तर कोरियाई सैनिकों को सबसे ज्यादा नुकसान कुर्स्क के रूसी ओब्लास्ट में हुआ है।

ग्रीनलैंड को बेचा या छीना नहीं जा सकता, ट्रंप की मंशा पर फ्रांस के राष्ट्रपति की दो टूक

नूक (ग्रीनलैंड) , एजेंसी। फ्रांस के राष्ट्रपति इमैनुएल मैक्रों जी7 देशों के शिखर सम्मेलन में शामिल होने के लिए कनाडा जाने से पहले ग्रीनलैंड की राजधानी नूक पहुंचे। जहां उन्होंने अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप के द्वारा ग्रीनलैंड पर नियंत्रण करने की इच्छा पर दो टूक जवाब दिया। राष्ट्रपति मैक्रों ने जोर देते हुए कहा कि ग्रीनलैंड को ना ही बेचा जा सकता है और न ही छीना जा सकता है। उन्होंने कहा कि सीधी बात ये है कि फ्रांस और यूरोपीय संघ के सभी लोग मानते हैं कि ग्रीनलैंड बिकाऊ नहीं है और इसे कोई जबरन नहीं ले सकता। मैक्रों के इस बयान को स्थानीय लोगों ने तालियों से स्वागत किया।

बता दें कि जी7 देशों के शिखर सम्मेलन में भाग लेने से पहले ग्रीनलैंड की राजधानी नूक पहुंचे मैक्रों का डेनमार्क की प्रधानमंत्री मेटे फ्रेडरिक्सन और ग्रीनलैंड के प्रधानमंत्री जेन्स-फ्रेडरिक नीलसन ने जोरदार स्वागत किया। फ्रांस और यूरोप के ग्रीनलैंड के साथ होने पर जोर राष्ट्रपति मैक्रों ने आगे कहा कि ग्रीनलैंड की स्थिति यूरोप के लिए एक चेतावनी है। मैं साफ-साफ कहना चाहता हूं कि आप अकेले नहीं हैं। फ्रांस और यूरोप आपके साथ हैं। इसके साथ ही जब मैक्रों से पूछा गया कि अगर राष्ट्रपति ट्रंप ग्रीनलैंड पर सैन्य कब्जा करने की कोशिश करें तो क्या फ्रांस मदद करेगा? तो इस बात के जवाब में

मैक्रों ने इस सवाल से बचते हुए कहा कि मैं सार्वजनिक रूप से इस तरह के काल्पनिक सवालों पर टिप्पणी नहीं करूंगा, क्योंकि मैं नहीं मानता कि हमारा मित्र और सहयोगी अमेरिका किसी दूसरे सहयोगी के खिलाफ आक्रामक कदम उठाएगा। देखा जाए तो इस बयान के जरिए मैक्रों ने अमेरिका को स्पष्ट संकेत दिया है कि यूरोप ग्रीनलैंड को लेकर किसी भी दबाव या दखलअंदाजी को स्वीकार नहीं करेगा। यूरोप में मैक्रों की भूमिका फ्रांस के राष्ट्रपति इमैनुएल मैक्रों ने हाल के महीनों में यूरोपीय संघ में फ्रांस की भूमिका को मजबूत करने की कोशिशें तेज कर दी हैं। उन्होंने खुद को यूरोप के नेता के तौर पर पेश किया है, खासकर ऐसे समय में जब अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप यूक्रेन को दिए जा रहे समर्थन पर सवाल उठा रहे हैं। मैक्रों ने हाल ही में पेरिस में एक सम्मेलन बुलाया जिसमें कई यूरोपीय देशों के राष्ट्राध्यक्षों ने हिस्सा लिया। इस बैठक में यूक्रेन संकट और यूरोप की सुरक्षा से जुड़े मुद्दों पर चर्चा हुई। मैक्रों का ग्रीनलैंड को लेकर संकेत ग्रीनलैंड की यात्रा के दौरान रविवार को मैक्रों से डेनमार्क की प्रधानमंत्री मेटे फ्रेडरिक्सन और ग्रीनलैंड के प्रधानमंत्री जेन्स-फ्रेडरिक नीलसन ने एक डेनिश हेलिकॉप्टर कैरियर पर मुलाकात की। यह बैठक इस बात का संकेत थी कि फ्रांस आर्कटिक क्षेत्र की सुरक्षा को लेकर गंभीर है। इसके बाद तीनों नेता तेजी से पिघल रहे एक ग्लेशियर पर भी गए। वहां उन्होंने जलवायु परिवर्तन के प्रभावों को देखा और साथ ही आर्थिक विकास, कम-कार्बन ऊर्जा और महत्वपूर्ण खनिज संसाधनों पर चर्चा की।

अमेरिका में आसिम मुनीर के खिलाफ जुटे पाकिस्तानी, किया प्रदर्शन

वॉशिंगटन, एजेंसी। पाकिस्तान के सेना प्रमुख आसिम मुनीर आखिर कहां हैं? यह सवाल इसलिए उठ रहा है क्योंकि शुरुआत में खबरें थीं कि अमेरिकी सेना के स्थापना दिवस पर निकलने वाली परेड में उन्हें भी आमंत्रित किया गया है। इस पर विवाद बढ़ा तो अमेरिका ने ही आगे आकर सफाई दी कि आसिम मुनीर ही नहीं बल्कि किसी भी विदेशी शख्सियत को इस कार्यक्रम में आमंत्रित नहीं किया गया है। फिर भी वॉशिंगटन स्थित अमेरिकी दूतावास के बाहर बड़ी संख्या में पाकिस्तानी प्रवासी जुट गए। ये लोग अमेरिका के कोने-कोने से आए थे और आसिम मुनीर के खिलाफ नारेबाजी करते दिखे। बड़ी संख्या में दूतावास के बाहर जुटे पाकिस्तानी मूल के ये लोग इमरान खान के समर्थक थे, जो फिलहाल जेल में बंद हैं। उन्हें भ्रष्टाचार के आरोपों में जेल में रखा गया है, जबकि इमरान खान के समर्थक मानते हैं कि शहबाज शरीफ की सरकार और सेना के चलते ऐसा हुआ है। इसी के चलते इमरान खान के समर्थक सेना का भी तीखा विरोध करते रहे हैं। रविवार को भी ऐसा ही नजारा दिखा, जब आसिम मुनीर के खिलाफ नारे लगे और प्रदर्शनकारियों ने उन्हें बाहर निकलने की

चुनौती दी। इन लोगों का कहना था कि आसिम मुनीर अमेरिका में ही हैं। यही नहीं एक प्रदर्शनकारी ने तो यहां तक कहा कि आसिम मुनीर को कहां छिपा रखा है। उन्हें बाहर भेजो।

आसिम मुनीर को कहां छिपाया? दूतावास के बाहर खूब नारे : इमरान खान की पार्टी पीटीआई के समर्थकों ने कुछ बैनर और तख्तियां भी इस दौरान लहराए। इनमें लिखा था- पाकिस्तानी दूतावास ने आसिम मुनीर को कहां छिपाया है? इसके अलावा एक तख्ती में आसिम मुनीर को पाकिस्तान में संविधान का उल्लंघन करने वाला, जनादेश चुराने वाला और मानवाधिकारों का उल्लंघन करने वाला बताया गया। यही नहीं इस दौरान एक डिजिटल वैन भी इमरान खान के समर्थकों ने दूतावास के बाहर खड़ी कर दी थी।

'इस्लामाबाद का कसाई' बताते हुए जमकर नारेबाजी : इसमें वीडियो और पोस्टर दिखाए गए, जिसमें आसिम मुनीर को इस्लामाबाद का कसाई बताया गया। पाकिस्तानियों के इस प्रदर्शन के बाद से फिर चर्चा शुरू हो गई है कि शायद आसिम मुनीर अमेरिका में ही हैं, लेकिन उन्होंने आर्मी डे परेड में हिस्सा नहीं लिया। फिलहाल पाकिस्तान की सरकार की ओर से भी आसिम मुनीर को लेकर कुछ नहीं कहा गया है।

ट्रंप को मारना चाहता था ईरान, मानता है दुश्मन नंबर वन, इस्राइली पीएम का चौंकाने वाला दावा

तेल अवीव, एजेंसी। इस्राइल के प्रधानमंत्री बेंजामिन नेतन्याहू ने दावा किया है कि ईरान की सरकार अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप को मारना चाहती थी। नेतन्याहू ने कहा कि ईरान की सरकार डोनाल्ड ट्रंप को अपने परमाणु कार्यक्रम के लिए खतरा मानती है और सक्रिय रूप से ट्रंप को खत्म करना चाहती थी।

नेतन्याहू ने बताया ट्रंप को दुश्मन क्यों मानता है ईरान : एक अमेरिकी न्यूज चैनल के साथ बातचीत में नेतन्याहू ने कहा कि वे (ईरान सरकार) उन्हें (ट्रंप) मारना चाहते हैं। वे उनके नंबर वन दुश्मन हैं। ट्रंप एक निर्णायक नेता हैं, जिन्होंने दूसरों की तरह ईरान के साथ मोलभाव का रास्ता नहीं चुना। यह असल में कमजोरी की बात है, जिसने ईरान को यूरेनियम संवर्धन के रास्ते पर डाला। इसका मतलब है कि यह परमाणु बम बनाने और ईरान को अरबों डॉलर देने का रास्ता है।

नेतन्याहू ने कहा कि ट्रंप ने ईरान के साथ फर्जी समझौते को खत्म कर दिया। उन्होंने कासिम सुलेमानी को मारा। ट्रंप इस बात को लेकर साफ हैं कि आप (ईरान) परमाणु हथियार नहीं रख सकते और यूरेनियम संवर्धन नहीं कर सकते। यही वजह है कि ईरान, ट्रंप को अपना सबसे बड़ा दुश्मन मानता है। हमारे अस्तित्व पर खतरा, हमारे पास कोई और रास्ता नहीं था ईरान पर हमले की वजह बताते हुए इस्राइली पीएम ने कहा कि हमारा देश परमाणु

तबाही के खतरे का सामना कर रहा है और हमारे पास हमला करने के अलावा कोई अन्य विकल्प नहीं था। नेतन्याहू ने कहा कि हमारे अस्तित्व पर खतरा है। ईरान यूरेनियम संवर्धन कर तेजी से परमाणु बम बनाने की दिशा में तेजी से बढ़ रहा था और उसकी मंशा हमारी तबाही है। दूसरा ईरान तेजी से बैलिस्टिक मिसाइल के जखीरे में बढ़ोतरी कर रहा है और अगले एक साल में 3600 और अगले तीन साल में 10 हजार बैलिस्टिक मिसाइल बनाने की तरफ बढ़ रहा है। हर मिसाइल का वजन करीब एक टन है। इतना ही नहीं अगले 26 साल में ईरान 20 हजार मिसाइल बनाना चाहता है। कोई भी देश इतनी बड़ी संख्या में मिसाइल हमलों को नहीं झेल सकता और खासकर इस्राइल जैसा छोटा देश तो बिल्कुल भी नहीं। इसलिए हमें कार्रवाई करनी ही थी।

अमेरिका में नो किंग्स रैली, गोलीबारी में 1 की मौत : मिलिट्री परेड के दौरान ट्रम्प का विरोध कर रहे थे

वॉशिंगटन डीसी, एजेंसी। अमेरिका के साल्ट लेक सिटी में नो किंग्स नाम के एक विरोध प्रदर्शन के दौरान हिंसा हो गई। प्रदर्शन में शामिल एक शख्स ने प्रदर्शनकारियों पर गोली चलाने की कोशिश कर रहे व्यक्ति पर हमला कर दिया। इससे राइफल लेकर खड़ा व्यक्ति और एक राहगीर दोनों घायल हो गए। बाद में अस्पताल में राहगीर की मौत हो गई।

पुलिस ने बताया कि हमला करने वाले 24 साल के युवक का नाम आर्टुरो गैंबोआ है। उसे शनिवार शाम हत्या के आरोप में गिरफ्तार कर लिया गया है। गोली लगने से घायल हुए राहगीर की पहचान 39 साल आर्थर फोलासा आह लू के रूप में हुई, जिनकी बाद में अस्पताल में मौत हो गई। साल्ट लेक सिटी के पुलिस प्रमुख ब्रायन रेड ने रविवार को प्रेस कॉन्फ्रेंस में इस घटना की जानकारी दी। दरअसल, वाशिंगटन में शनिवार को अमेरिकी सेना की 250वीं वर्षगांठ के अवसर पर मिलिट्री परेड का आयोजन किया गया था। इस बीच, ट्रम्प के विरोध में पूरे अमेरिका में लगभग 2 हजार जगहों पर नो किंग्स (यानी अमेरिका का कोई राजा नहीं है) विरोध प्रदर्शन हुए।

34 साल बाद इतने बड़े पैमाने पर आयोजन : वाशिंगटन में 34 साल बाद इतने बड़े पैमाने पर मिलिट्री परेड का आयोजन हुआ। इससे पहले 1991 में ऐसा आयोजन हुआ था। इस परेड में टैंक, 6,700 सैनिक, 128 वाहन, 62 विमान शामिल हुए। इसके अलावा ड्रोन, रोबोटिक डॉग भी शामिल हुए। राष्ट्रपति ट्रम्प ने इस परेड को अमेरिकी ताकत और सैनिकों के बलिदान का प्रतीक बताया। परेड का समापन आतिशबाजी और ट्रम्प के भाषण के साथ हुआ। इस आयोजन में करीब

25 से 45 मिलियन डॉलर (21-38 करोड़) खर्च हुए हैं। परेड कॉन्स्टिट्यूशन एवेन्यू पर हुई, जिसमें सैनिकों ने ऐतिहासिक वर्दी में मार्च किया और विश्व युद्धों से लेकर आधुनिक युद्ध तक के हथियारों का प्रदर्शन किया गया। ट्रम्प, प्रथम महिला मेलानिया ट्रम्प, और रक्षा सचिव पीट हेगसेथ ने विशेष मंच से परेड देखी। इस दिन ट्रम्प का 79 जन्मदिन भी था। उपराष्ट्रपति जेडी वेंस ने भी ट्रम्प को जन्मदिन की बधाई दी और अपनी शादी की सालगिरह का जिक्र किया।

अमेरिका के 50 राज्यों में एक साथ विरोध प्रदर्शन : पूरे अमेरिका में 14 जून को नो किंग्स नामक विरोध प्रदर्शन हुए। इस आंदोलन में लोगों ने ट्रम्प की नीतियों और तानाशाही रवैये का विरोध किया। इस आंदोलन का नाम 50 स्टेट्स, 50 प्रोटेस्टर्स, वन मूवमेंट से प्रेरित था, जिसका मतलब है कि अमेरिका के 50 राज्यों में एक साथ विरोध प्रदर्शन। इस समूह का कहना है- अमेरिका सिर्फ ट्रम्प का नहीं, बल्कि सभी अमेरिकियों का है। इस प्रदर्शन में करीब 2,000 शहरों और कस्बों में शांतिपूर्ण प्रदर्शन हुए, जिनमें लोगों ने झंडे लहराए, भाषण दिए और नारे लगाए गए। फिलाडेल्फिया में सबसे बड़ा प्रदर्शन हुआ। हालांकि वाशिंगटन में कोई बड़ा विरोध नहीं हुआ।

साइबर सेंटर ऑफ एक्सीलेंस की स्थापना के लिए केंद्र से 63.60 करोड़ अनुरोध

कौमी पत्रिका

देहरादून, 17 जून। मुख्यमंत्री श्री पुष्कर सिंह धामी ने नई दिल्ली में केंद्रीय गृह मंत्री श्री अमित शाह से भेंट कर राज्य के समग्र विकास से जु? विभिन्न महत्वपूर्ण विषयों पर चर्चा की। मुख्यमंत्री ने साइबर सुरक्षा के क्षेत्र में ब?ती चुनौतियों के दृष्टिगत केंद्रीय गृह मंत्री से देहरादून में साइबर सेंटर ऑफ एक्सीलेंस की स्थापना के लिए 63.60 करोड़ रुपये की धनराशि की स्वीकृति का अनुरोध किया। यह सेंटर डिजिटल अपराधों की रोकथाम, विशेषज्ञ प्रशिक्षण, साइबर फोरेंसिक और आधुनिक संसाधनों के विकास में महत्वपूर्ण भूमिका निभाएगा। मुख्यमंत्री ने केंद्रीय गृह मंत्री को राज्य की विद्युत अधोसंरचना को प्राकृतिक आपदाओं से होने वाली क्षति पर चर्चा करते हुए अवगत कराया कि छोटे हिमालयी राज्यों की भौगोलिक विषमताओं को ध्यान में रखते हुए विद्युत उत्पादन, पारेषण एवं वितरण परिसंपत्तियों को एनडीआरएफ/एसडीआरएफ के तहत क्षतिपूर्ति के दायरे में लाया जाए। इससे राज्य का आपदा प्रबंधन तंत्र और अधिक प्रभावी व सशक्त होगा। मुख्यमंत्री ने सितारगंज केंद्रीय कारागार के विस्तार के प्रस्ताव पर 150.16 करो? रुपये की लागत से शीघ्र स्वीकृति देने का अनुरोध किया। मुख्यमंत्री ने प्रधानमंत्री श्री नरेन्द्र मोदी की प्रेरणा से सफलतापूर्वक आयोजित उत्तराखण्ड ग्लोबल इनवेस्टर समिट–2023 का उल्लेख करते हुए बताया कि राज्य ने 3.50 लाख करो? रुपये से अधिक के निवेश प्रस्तावों पर समझौता ज्ञापनों (एमओयू) पर हस्ताक्षर किए हैं। इस उपलब्धि को राज्य के लिए गर्व का विषय बताते हुए केंद्रीय गृह मंत्री को अवगत कराया कि इसे उत्सव के रूप में मनाते हुए 'उत्तराखण्ड निवेश उत्सव' का आयोजन प्रस्तावित है, जिसे पंतनगर–रुद्रपुर के औद्योगिक क्षेत्र में आयोजित किया जाएगा। मुख्यमंत्री ने केंद्रीय गृह मंत्री को इस कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में सम्मिलित होने के लिए आमंत्रित किया। केंद्रीय गृह मंत्री श्री अमित शाह ने मुख्यमंत्री के सभी प्रस्तावों पर सकारात्मक कार्यवाहा का आश्वासन दिया।मुख्यमंत्री ने कहा कि उत्तराखण्ड सरकार प्रधानमंत्री श्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में 'नए भारत' की परिकल्पना को साकार करने के लिए प्रतिबद्ध है। केंद्र सरकार का निरंतर मार्गदर्शन और सहयोग राज्य के विकास को नई ऊर्जा प्रदान कर रहा है।

विदेश में नौकरी की चाहत रखने वाले युवाओं को एजेंटों को पैसे नहीं देने होंगे: सीएम सुखू

कौमी पत्रिका

शिमला, 17 जून। विदेश में रोजगार के लिए हिमाचल प्रदेश अधिकृत सरकारी भर्तीकर्ता बन गया है। राज्य सरकार हिमाचल प्रदेश के लोगों को विदेशों में रोजगार के अवसर प्रदान करने के लिए सक्रिय रूप से काम कर रही है। एक महत्वपूर्ण घटनाक्रम में, विदेश मंत्रालय ने आज हिमाचल प्रदेश राज्य इलेक्ट्रॉनिक्स विकास निगम (एचपीएसईडीसी) को भर्ती एजेंट लाइसेंस (आरएएल) प्रदान किया है। यह लाइसेंस निगम को भर्ती गतिविधियां शुरू करने के लिए आधिकारिक रूप से



अधिकृत करता है। यह प्रमाण पत्र एचपीएसईडीसी को विदेशी नियोक्ताओं के लिए भारतीय श्रमिकों की भर्ती करने का अधिकार देता है। मुख्यमंत्री ठाकुर सुखविंदर सिंह सुखू ने कहा कि हिमाचल प्रदेश अब उन अग्रणी भारतीय राज्यों में शामिल हो गया है जो निजी लाइसेंस धारकों पर निर्भर रहने के बजाय सरकारी स्तर पर विदेशों में रोजगार की सुविधा प्रदान करते हैं। इस कदम से नौकरी चाहने वालों को गुमराह होने और विदेश में रोजगार की तलाश में एजेंटों को मोटी रकम देने से रोकने में मदद मिलेगी। उन्होंने कहा कि इससे यह सुनिश्चित होगा कि सरकार द्वारा उन्हें विदेशों में वास्तविक रोजगार के अवसर प्रदान किए जाएं।

हरियाणा में एआई और स्वच्छ वायु परियोजनाओं के लिए नए पद सृजित

चंडीगढ़, 17 जून–हरियाणा सरकार ने हरियाणा एआई विकास परियोजना (एचएआईडीपी) और सतत विकास हेतु हरियाणा स्वच्छ वायु परियोजना (एचसीएपीएसडी) के अलावा, अन्य बाहरी सहायता प्राप्त परियोजनाओं हेतु स्पेशल पपर्ज व्हीकल (एसपीवी) के लिए मुख्य कार्यकारी अधिकारी तथा संयुक्त मुख्य कार्यकारी अधिकारी के दो नए पद सृजित किए हैं। आईएएस अधिकारी श्री जे. गणेशन, जो वर्तमान में हारट्रॉन के प्रबंध निदेशक; सभी के लिए आवास विभाग के महानिदेशक तथा आवास विभाग के सचिव; हाउसिंग बोर्ड के मुख्य प्रशासक; हरियाणा परिवार पहचान प्राधिकरण के मुख्य कार्यकारी अधिकारी तथा हरियाणा विद्युत प्रसारण निगम लिमिटेड के प्रबंध निदेशक हैं

मंदिर श्रीकृष्ण की जन्मभूमि पर ही बनेगा: साध्वी ऋतम्भरा

कौमी पत्रिका

नई दिल्ली।"श्रीकृष्ण भगवान का मन्दिर श्रीराम जन्मभूमि की तरह पुनः मथुरा में बनेगा उसके लिये आवश्यकता है निरन्तर प्रयास की" यह उद्गार साध्वी ऋतम्भरा जी ने दीपक कुमार जी द्वारा लिखित पुस्तक हमारे प्रेरणा स्रोत द्वापर के श्रीकृष्ण के लोकार्पण समारोह में बोलते हुए 16 जून, 2025 को दिल्ली में कहा। इस कार्यक्रम में लेखक श्री दीपक कुमार ने अपनी पुस्तक के बारे में विशेषता बताते हुए कहा कि उन्होंने द्वारका का जो वर्णन हिन्दू धार्मिक पुस्तकों में आता है उसको आधार मानकर एक नक्शा इस पुस्तक में दिया है। लेखक के अनुसार श्रीकृष्ण की अग्रपूजा से पहले उन्होंने अखण्ड भारत को राजसूय व अश्वमेध यज्ञ के माध्यम से दो बार जीता था। उसकी एक मानचित्र लेखक ने भी दिया है। लेखक ने विस्तार से बताया कि 1998 से 2003 तक किस प्रकार उसने तात्कालीन भाजपा के कोषाध्यक्ष वेदप्रकाश गोयल जी के साथ मिलकर द्वारका जो समुद्र में डूबी हुई है उसको निकालने के लिये प्रयास किया था। लेखक ने पुस्तक में कई पत्र गुजरात मैरीटाइम बोर्ड, राष्ट्रीय समुद्र विज्ञान संस्थान, गोवा के साथ जो पत्राचार हुआ था वह भी पुस्तक में दी हैं। श्रीकृष्ण जन्मभूमि से सम्बन्धित इतिहास भी पुस्तक में एक अध्याय के रूप में दिया गया है। इस लोकार्पण के कार्यक्रम में दिल्ली विधान सभा के अध्यक्ष श्री विजेन्द्र गुप्ता ने पुस्तक को प्रेरणादायक बताया।

जबकि अखिल भारतीय इतिहास संकलन योजना के संगठन मन्त्री डा0 बाल मुकन्द पांडे ने कहा पुस्तक में हजारों संदर्भ दिये गये है जो आप ने अपने पुस्तक है। उन्होंने कहा जो वंशावली लेखक ने दी है वह अद्वितीय है। कार्यक्रम में दिल्ली के वरिष्ठ भाजपा नेता सुधांशु मित्तल ने लेखक के बहुआयामी प्रयासो की चर्चा करी। विष्णु शंकर जैन ने विस्तार से श्रीकृष्ण जन्मभूमि पर चल रहे मुकदमों की चर्चा करी। ऑल इंडिया श्वेतांबर स्थानकवासी जैन कान्फ्रेंस के अध्यक्ष श्री अतुल जैन ने लेखक के प्रयासों की भूरि-भूरि प्रशंसा करी। मंच का संचालन प्रख्यात पुरातत्व विशेषज्ञ डा0 अमित राय जैन जी ने किया और किताबवाले के प्रकाशक श्री प्रशान्त जैन ने सबका धन्यवाद किया।

वृंदावन से गोकुल तक बनेगा नेचर वॉक पाथ-वे, मथुरा विजन- 2030 के तहत होगा निर्माण

कौमी पत्रिका

लखनऊ 17 जून। उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के मथुरा विजन– 2030 के तहत मथुरा शहर में एक अनूठा नेचर वॉक पाथ–वे विकसित किया जा रहा है। यह पाथ–वे वृंदावन से गोकुल तक यमुना नदी के किनारे 17 किलोमीटर लंबा होगा, जिसका निर्माण 50 करोड़ रुपये की लागत से किया जाएगा। वृंदावन से गोकुल नेचर वॉक का निर्माण ब्रज तीर्थ विकास प्राधिकरण, प्रदेश के वन एवं वन्य जीव विभाग के सहयोग से कर रहा है। इस परियोजना का उद्देश्य मथुरा–वृंदावन क्षेत्र में ईको–टूरिज्म को बढ़ावा देने के साथ ही पर्यावरण संरक्षण और तीर्थयात्रियों के लिए यमुना नदी के किनारे एक सुंदर और सुविधाजनक मार्ग प्रदान करना है। मथुरा–वृंदावन परिक्षेत्र का निर्माण और सौंदर्यीकरण मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के मथुरा विजन–2030 के तहत किया जा रहा है। इस बहुउद्देश्यी परियोजना के तहत मथुरा शहर के अंतर्गत वृंदावन से गोकुल तक यमुना नदी के किनारे–किनारे 17 किलोमीटर लंबे नेचर वॉक पाथ–वे का निर्माण किया जा रहा है। इस नेचर वॉक पाथ वे का निर्माण ब्रज तीर्थ विकास प्राधिकरण, प्रदेश के वन विभाग के सहयोग से लगभग 50 करोड़ रुपये की लागत से किया जाएगा। प्राधिकरण के संबंधित अधिकारियों ने मुख्यमंत्री के समक्ष समीक्षा बैठक में बताया कि ये नेचर वॉक पाथ वे यमुना नदी के किनारे 2 मीटर चौड़ा बनाया जाएगा। जिसके तहत वन विभाग वृंदावन से गोकुल के बीच प्राकृतिक सौंदर्य को और निखारेगा। पाथ–वे के दोनों ओर देशज प्रजाति के पौधे लगाए जाएगें, जो न केवल पर्यावरण को हरा–भरा बनाएंगे बल्कि जैव–विविधता को भी बढ़ावा देंगे। इसके साथ ही नेचर वॉक वे पर फेसिंग, लाइट्स और शौचालयों की व्यवस्था की जाएगी ताकि पर्यटकों और स्थानीय लोगों को किसी भी प्रकार की असुविधा न हो। वृंदावन–गोकुल नेचर वॉक पाथ वे के निर्माण का मुख्य उद्देश्य ईको–टूरिज्म को बढ़ावा देना है। यह परियोजना मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के मथुरा विजन–2030 के तहत विकसित की जा रही है। भगवान श्रीकृष्ण की जन्म और लीलास्थली के रूप में विश्व प्रसिद्ध मथुरा–वृंदावन परिक्षेत्र के विकास के लिए लगभग 30,080 करोड़ रुपये की लागत से 195 परियोजनाओं चलाई जा रही हैं। इसमें से 2,300 करोड़ रुपये की लागत से 23 परियोजनाओं को स्वीकृति मिल चुकी है। इन्हीं परियोजनाओं के अंतर्गत वृंदावन–गोकुल नेचर वॉक पाथ–वे का निर्माण किया जा रहा है। यह मार्ग मथुरा,वृंदावन आने वाले तीर्थयात्रियों और पर्यटकों को प्राकृतिक सौंदर्य के बीच पैदल यात्रा का अवसर प्रदान करेगा। जिससे वे यमुना नदी के किनारे की शांति, हरियाली के बीच भगवान कृष्ण की लीलास्थली में भ्रमण का आनंद ले सकेंगे। साथ ही, यह पाथ–वे स्थानीय लोगों के लिए भी एक मनोरंजक और स्वास्थ्यवर्धक विकल्प होगा, जो सुबह–शाम सैर के लिए इसका उपयोग कर सकेंगे।

3 लाख से ऊपर कमाई वालों के लिए खुशखबरी, सैनी सरकार ने किया बड़ा ऐलान

कौमी पत्रिका

नई दिल्ली। हरियाणा सरकार ने मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी और स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण मंत्री आरती सिंह राव के नेतृत्व में चिरायु आयुष्मान भारत योजना का दायरा बढ़ा दिया है। यह विस्तार प्रदेश के सभी निवासियों को गुणवत्तापूर्ण और सुलभ स्वास्थ्य सेवाएं प्रदान करने की दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम है। स्वास्थ्य मंत्री कुमारी आरती सिंह राव ने बताया कि अब 3 लाख से अधिक और 6 लाख रुपये तक की वार्षिक आय वाले परिवार भी योजना का लाभ ले सकेंगे। ऐसे परिवारों को सालाना ?4,000 का अंशदान देना होगा। वहीं 6 लाख रुपये से अधिक आय वाले परिवार ?5,000 के वार्षिक अंशदान के साथ इस योजना के पात्र होंगे। इससे पहले, परिवार पहचान पत्र (क्कक्क) के अनुसार ?1.80 लाख से ?3 लाख आय वाले परिवार ?1,500 वार्षिक अंशदान देकर योजना से जुड़ सकते थे। यह योजना प्रति परिवार प्रत्येक वर्ष ?5 लाख तक का स्वास्थ्य बीमा कवर प्रदान करती है, जिससे लाभार्थी राज्यभर के सरकारी और सूचीबद्ध निजी अस्पतालों में कैशलेस इलाज प्राप्त कर सकते हैं। योजना में आयु या परिवार के आकार की कोई सीमा नहीं है,

जिससे परिवार के सभी सदस्य कवर होते हैं। पूरी तरह डिजिटल, पेपरलेस और पारदर्शी इस योजना को प्रधानमंत्री जन आरोग्य योजना (क्क्र-छ्वड्ड) के दिशानिर्देशों के अनुसार संचालित किया जा रहा है। इसमें विभिन्न बीमारियों और प्रक्रियाओं के लिए व्यापक स्वास्थ्य लाभ पैकेज शामिल हैं। स्वास्थ्य मंत्री ने कहा कि यह फैसला न केवल सरकार की स्वास्थ्य सेवाओं को बेहतर बनाने की प्रतिबद्धता को दर्शाता है, बल्कि मुख्यमंत्री श्री नायब सिंह सैनी के स्वस्थ हरियाणा के विजन को भी साकार कर रहा है। उन्होंने यह भी जोड़ा कि योजना का यह विस्तार नीतिगत दूरदर्शिता और प्रदेशवासियों के जीवन में सकारात्मक बदलाव का प्रतीक है।

NAME CHANGE
राहत : लगातार तीसरे दिन कोविड संक्रमण के मामलों में आई गिरावट

नई दिल्ली। कोविड के नए वैरिएंट की रफ्तार थमने से राहत मिली है। लगातार तीसरे दिन भारत में कोविड संक्रमण के मामलों में गिरावट आई है। ताजा आंकड़ों से पता चलता है कि देशभर में एक्टिव केस घटकर 7 हजार से नीचे पहुंच गए हैं। केंद्रीय स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण मंत्रालय ने ये नए आंकड़े जारी किए हैं। कोविड संक्रमण को लेकर स्वास्थ्य मंत्रालय ने मंगलवार को सुबह 8 बजे तक के आंकड़े जारी किए हैं। मंत्रालय के मुताबिक देशभर में एक ही दिन में संक्रमण के 428 मामले कम हुए हैं। इससे अब कोविड के एक्टिव मामलों की संख्या घटकर 6836 हो गई है। इसके पहले सोमवार को संक्रमण के मामलों में 119 की गिरावट आई थी। स्वास्थ्य मंत्रालय के मुताबिक पिछले 24 घंटों में केरल में सबसे ज्यादा कमी आई वहां 261 मामले कम हुए। इसके अलावा गुजरात में 185, दिल्ली में 94, महाराष्ट्र में 28, आंध्र प्रदेश में 18, सिक्किम में 13, असम में 3, तेलंगाना–बिहार–छत्तीसगढ़ और गोवा में एक–एक घटे हैं।

विदेश मामलों की संसदीय कमेटी की हुई बैठक, शशि थरूर ने दी बड़ी जानकारी

नई दिल्ली (एजेंसी)। विदेश मामलों पर संसद की स्थायी समिति की मंगलवार को शाम 4 बजे बैठक की। विदेश मामलों पर संसदीय समिति की बैठक के समापन पर कांग्रेस सांसद शशि थरूर ने कहा कि हमारे पास भारत की हिंद महासागर रणनीति नामक एक विषय पर चर्चा चल रही थी, जो एक विदेश नीति का विषय है, जिसके महत्वपूर्ण रक्षा आयाम हैं। हमें जानकारी देने के लिए रक्षा सचिव और नौसेना भी मौजूद थे। चर्चाएं शानदार रहीं। हमने विभिन्न पहलुओं पर गंभीर चर्चा में ढाई घंटे से अधिक समय बिताया, जिसे आप संसद में प्रस्तुत रिपोर्ट में देखेंगे।

शशि थरूर ने कहा कि हमें नौसेना के उप प्रमुख, रक्षा सचिव और विदेश मंत्रालय के सचिव ईस्ट का साथ पाकर बहुत खुशी हुई। यह एक बहुत ही विस्तृत चर्चा थी। उपस्थित समिति के प्रत्येक सदस्य ने सवाल पूछे... इस चर्चा में भागीदारी की भावना बहुत ही जबरदस्त है। इस बहुत ही व्यापक चर्चा से हमें एक अच्छी रिपोर्ट मिलेगी... इन सभी (ब्लू वॉटर नेवी) पर चर्चा की गई... ब्लू वॉटर नेवी का पूरा विचार, उससे परे हमारी सैन्य क्षमता, हर चीज पर गहन चर्चा की गई। ऑपरेशन सिंदूर पर चर्चा नहीं हुई, लेकिन उस टकराव के दौरान जो कुछ तत्व स्पष्ट हुए, वे बातचीत में सामने आए। कांग्रेस सांसद शशि थरूर इस समिति के अध्यक्ष हैं। इससे पहले 10 जून को अमेरिका गए सर्वदलीय संसदीय प्रतिनिधिमंडल का नेतृत्व करने वाले थरूर ने कहा था कि अमेरिकी उपराष्ट्रपति जेडी वेंस के साथ उनकी मुलाकात 'उल्लेखनीय' रही। पत्रकारों से बात करते हुए थरूर ने कहा कि दोनों पक्षों के बीच 'अच्छी बातचीत' हुई और भारतीय प्रतिनिधिमंडल को लगा कि 'इससे बेहतर बैठक नहीं हो सकती थी।' प्रतिनिधिमंडल ने पिछले सप्ताह अमेरिका की अपनी यात्रा के दौरान वेंस से मुलाकात की थी।

भाजपा नेताओं और कार्यकर्ताओं पर भड़के सिद्धारमैया, त्रासदी का राजनीतिकरण करने का आरोप लगाया

नई दिल्ली (एजेंसी)। बेंगलुरु (ईएमएस)। भाजपा नेताओं और कार्यकर्ताओं द्वारा भगदड़ को लेकर मुख्यमंत्री सिद्धारमैया और उपमुख्यमंत्री डी.के. शिवकुमार के इस्तीफे की मांग करते हुए विरोध प्रदर्शन किया, तभी सिद्धारमैया ने तीखा पलटवार कर भाजपा पर पक्षपातपूर्ण लाभ के लिए त्रासदी का राजनीतिकरण करने का आरोप लगाया। सिद्धारमैया ने भाजपा नेताओं को चुनौती दी कि वे पहले अतीत में इसी तरह की घटनाओं के दौरान अपने ही पार्टी सदस्यों द्वारा दिए गए इस्तीफों की सूची पेश करें।

सिद्धारमैया ने कहा कि दुखद भगदड़ की घटना के संबंध में, मैं राज्य के भाजपा नेताओं से अनुरोध करता हूं कि वे हमारे इस्तीफे की मांग करने से पहले अतीत में इसी तरह की घटनाओं के दौरान इस्तीफा देने वाले भाजपा नेताओं की सूची जारी करें। हमारी सरकार ने बेंगलुरु शहर के पुलिस आयुक्त सहित वरिष्ठ पुलिस अधिकारियों को निलंबित कर दिया है और राज्य खुफिया विभाग के प्रमुख का तबादला किया है। मेरे राजनीतिक सचिव को भी उनके कर्तव्यों से मुक्त किया गया है। इसके अतिरिक्त, हमने मामले की गहन जांच करने के लिए सेवानिवृत्त न्यायमूर्ति जॉन माइकल कुन्हा के नेतृत्व में एक सदस्यीय आयोग का गठन किया है।

सीएम ने कहा कि इसतरह के निर्णायक कदम उठाने के बावजूद, राज्य में भाजपा नेता विरोध प्रदर्शन जारी रखते हैं। इससे यह स्पष्ट होता है कि उनके इरादे लोगों के प्रति वास्तविक चिंता से प्रेरित होने के बजाय राजनीतिक हैं। त्रासदियों का राजनीतिकरण करना भाजपा के लिए कोई नई बात नहीं है। मृत्यु, दुर्घटना या हिंसा की हर घटना पर गिद्ध की तरह झपटना उनके डीएनए में समाया हुआ है। यहां तक कि अगर उनके आंगन में एक हाथी भी मर जाता है, तब उन्हें अपने पड़ोसी की थाली में मक्खी पर ध्यान देने की आदत है। कर्नाटक के लोग व्यवहार के इस पैटर्न को समझ चुके हैं। हम हर त्रासदी से प्रभावित परिवारों के दुख और पीड़ा के साथ सहानुभूति रखते हैं।

सिद्धारमैया ने कहा कि हमारी सरकार कर्नाटक के 7 करोड़ लोगों के प्रति जवाबदेह है। इसलिए भगदड़ मामले में लापरवाही बरतने वालों के खिलाफ प्रारंभिक कार्रवाई की गई है। सेवानिवृत्त न्यायाधीश के नेतृत्व में व्यापक और निष्पक्ष जांच की जा रही है।

क्या भाजपा कुख्यात माफिया दाऊद इब्राहिम को भी पार्टी में शामिल करेगी?: हर्षवर्धन सपकाल

मुंबई (एजेंसी)। भारतीय जनता पार्टी खुद को दुनिया की सबसे बड़ी पार्टी मानती है, लेकिन जो पार्टी खुद को शक्तिशाली दिखाने की कोशिश करती है, वह अब किसी को भी पार्टी में शामिल कर रही है। अब तक जिन लोगों पर भाजपा ने भ्रष्टाचार के आरोप लगाए थे, उन्हीं को सम्मानपूर्वक पार्टी में शामिल किया गया और मंत्रीपद भी सौंपा गया। अब तो भाजपा ने सारी सीमाएं पार कर दी हैं। जिस व्यक्ति पर माफिया दाऊद इब्राहिम से संबंध होने का आरोप था, उसी को सम्मानपूर्वक भाजपा में शामिल किया गया। अब क्या भाजपा दाऊद को भी पार्टी में शामिल करेगी? ऐसा तीखा सवाल महाराष्ट्र प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष हर्षवर्धन सपकाल ने उठाया है।

इस पर प्रतिक्रिया देते हुए कांग्रेस के प्रदेशाध्यक्ष ने कहा कि किसे पार्टी में शामिल करना है, यह उस पार्टी का मामला है, लेकिन जब आप हिंदुत्व की बातें करते हैं, तो आपको यह भी सोचना चाहिए कि आप खुद क्या कर रहे हैं। भाजपा विधायक नितेश राणे ने विधानसभा में आरोप लगाया था कि नासिक के सुधाकर बडगुजर ने दाऊद के गुर्गे सलीम कुत्ता के लिए पार्टी रखी थी। उन्होंने विधानसभा में पार्टी में नाचते हुए फोटो भी दिखाए थे और कार्रवाई की मांग की थी। लेकिन अब वही भाजपा कह रही है कि उन्होंने हिंदुत्व स्वीकार कर लिया है, इसलिए उनका स्वागत है। इसका मतलब कल अगर दाऊद भी हिंदुत्व स्वीकार कर ले, तो क्या भाजपा उसे भी पार्टी में शामिल कर लेगी? भाजपा खुद को 'पार्टी विथ डिफरेंस' कहती है, लेकिन आज यह पार्टी गुंडों, मवालियों और भ्रष्टाचारियों से भर गई है। मुंबई में 1993 के बम धमाकों के आरोपी और दाऊद के साथी इकबाल मिर्ची से जुड़े संपत्ति लेनदेन मामले में जो नाम पूर्व मंत्री प्रफुल्ल पटेल पर लगे, उन्हीं की राष्ट्रवादी पार्टी के साथ भाजपा सत्ता में साझेदार बनी हुई है। भाजपा ने प्रफुल्ल पटेल को 'वॉशिंग मशीन' में डालकर साफ कर दिया है। भाजपा का हिंदुत्व दिखावा है, यह हम लगातार कहते आ रहे हैं, और आज भी वही बात साबित हुई है। हर्षवर्धन सपकाल ने यह भी कहा कि सुधाकर बडगुजर के पार्टी प्रवेश की जानकारी भाजपा के प्रदेशाध्यक्ष और कार्याध्यक्ष को दोपहर तक भी नहीं थी। फिर यह सवाल उठता है कि भाजपा पार्टी को असल में चला कौन रहा है?

दूध-दही-बादाम बनाएगा आपको जवान

आप जवान तभी रह सकते हैं जब आपके अंदर ताकत हो और ताकत और कसी और दमकती त्वचा दोनों का मेल होने के बाद ही इंसान जवान बना रह सकता है। ज्यादा ऑइली और तली हुई चीजें फास्ट फूड और तो और कोला जैसे पेय पदार्थ आपकी स्किन के लिए सबसे हानिकार होते हैं। यह आपको फैटी बनाती हैं और स्किन को ऑइली व डूलडूल बना देती है। यह एक सार्वभौमिक सत्य है कि कोई भी व्यक्ति हमेशा जवान नहीं रह सकता है। जैसे-जैसे उम्र बढ़ती है चेहरे की रौनक और चमक चली जाती है और झुर्रियां आदि पड़ने लगती हैं। कई महिलाएं और पुरु ष हमेशा यंग दिखने की फिराक में रहते हैं और इसके लिए वह कोई न कोई क्रीम आदि लगाते ही रहते हैं। जिससे की उनकी त्वचा पर और अधिक बुरा प्रभाव पड़ता है। कॉस्मेटिक आदि का इस्तेमाल त्वचा को बाहर से अच्छा बना देता है लेकिन उनमें अंदरूनी क्षमता नहीं रह जाती है। अगर आप अपनी त्वचा को अंदर से चमकदार बनाना चाहते हैं तो आपको अपनी फूडिंग हैबिट और लाइफ स्टाइल पर विशेष ध्यान देना होगा। साथ ही खुराक में कुछ विशेष सब्जियों, फल व फूड मैटर को शामिल करना होगा। आपको अपनी त्वचा को बेहतर फूड देने होंगे और अपनी सेहत पर ध्यान देना होगा।

ज्यादा ऑइली और फास्ट फूड आपकी स्किन को खराब करते हैं

अपनी त्वचा को अंदर से चमकदार बनाना चाहते हैं तो आपको अपनी फूडिंग हैबिट और लाइफ स्टाइल पर विशेष ध्यान देना होगा

आपको अपनी त्वचा के लिए बेहतर फूड खाने होंगे और अपनी सेहत पर ध्यान देना होगा

दूध-दही में प्रोटीन और कार्बोहाइड्रेट्स की मात्रा काफी अधिक होती है। जो आपको जवान रखने में मदद करते हैं

जवान बने रहने व चेहरा निखारने का नुस्खा

पालक : पालक में भरपूर मात्रा में कैल्शियम होता है साथ ही पौटेशियम और विटामिन की भरमार होती है। इसमें काफी ज्यादा मात्रा में एंटीऑक्सीडेंट होता है जो शरीर की रक्षा करता है। इसके सेवन से ऊतकों और कोशिकाओं को ताकत मिलती है और वह स्वस्थ रहती हैं। खून को भी साफ रखने और मात्रा बढ़ाने में पालक कारगर होती है।

बींस: बींस में प्रोटीन और फाइबर होता है जिसमें कम कार्बोहाईड्रेट होने के कारण वसा नहीं होता है और शरीर स्वस्थ रहता है। यह एंटी-एजिंग सब्जी होती है।

हल्दी : हल्दी सबसे अच्छा एंटी-एजिंग एजेंट होता है। इसमें एंटीऑक्सीडेंट और एंटी-इंफ्लामेंट्री गुण होते हैं जो पाचन क्रिया को अच्छा रखते हैं और उम्र को थाम देते हैं।

बादाम: बादाम में विटामिन ''ई' होता है जो त्वचा और बालों के लिए बहुत अच्छा होता है। इसमें मैग्नीशियम भी होता है जो बढ़ती उम्र के लक्षणों को धीमा कर देता है।

अखरोट : अखरोट में प्रोटीन, विटामिन और ओमेगा 3 फैटी एसिड होता है जो आपकी स्किन के लिए जरूरी है।

दूध-दही : दूध-दही में प्रोटीन और कार्बोहाइड्रेट्स की मात्रा काफी अधिक होती है। जो आपको जवान रखने में मदद करते हैं।

अब 6 महीनों में हेपेटाइटिस 'सी' का इलाज

यकृत से जुड़ी जानलेवा बीमारी हेपेटाइटिस ''सी' से ग्रसित मरीजों को एंटी वायरल इलाज के जरिए छह सप्ताह की अल्प अवधि में ही ठीक किया जा सकता है। यूरोपीय देश स्पेन के बार्सिलोना शहर में आयोजित अंतरराष्ट्रीय यकृत सम्मेलन के दौरान शोधकर्ताओं की ओर से प्रस्तुत अध्ययन में बताया गया कि सोफोसबुवीर और लेडिपासवीर के जरिए केवल छह महीनों में हेपेटाइटिस ''सी' से पीड़ित लोगों का इलाज किया जा सकता है। लिवर सिरोसिस और लिवर कैंसर का कारण बनने वाले हेपेटाइटिस ''सी' का इलाज इसके जरिए किया जा सकता है। 95 फीसदी मामलों में समय रहते इसके इस्तेमाल से हेपेटाइटिस ''सी' के इलाज में काफी फायदा मिला है। इन गोलियों के इस्तेमाल से हेपेटाइटिस ''सी' के शरीर पर दुष्प्रभाव तो कम होंगे ही इलाज की अवधि भी काफी कम हो जाएगी।यह हेपेटाइटिस ''सी' से प्रभावित लोगों का इसके अचानक शिकार हुए लोगों की तुलना में आम तौर पर दस से पन्द्रह फीसदी जल्दी ठीक करता है। विश्व भर में हेपेटाइटिस ''सी' के रोगियों की संख्या तेरह से पन्द्रह करोड़ के बीच है। प्रतिरोध से जुड़े विसंगति के अचानक उभरने के कारण हेपेटाइटिस ''सी' के मरीजों का इलाज अभी भी चुनौती बनी हुई है।इस शोध के अनुसार सोफोसबुवीर और लेडिपासवीर का संयोजन न केवल सुरक्षित है बल्कि हेपेटाइटिस के मरीजों के लिए यह सहनीय और प्रभावकारी भी है लेकिन अल्प अवधि के इलाज के दौरान इसके प्रभाव में यह नहीं दिखता है।



95 फीसदी मामलों में समय रहते इसके इस्तेमाल से हेपेटाइटिस 'सी' के इलाज में काफी फायदा मिला है

अत्यधिक नमक लिवर खराब करता है

पेइचिंग। भोजन में अत्यधिक नमक प्रयोग करने से केवल रक्तचाप बढ़ने की ही समस्या पैदा नहीं होती, बल्कि इससे वयस्कों और विकसित भ्रूण का यकृत भी खराब हो सकता है। एक नए अध्ययन में यह चेतावनी दी गई है।अनुसंधानकर्ताओं ने कहा कि हमारे शरीर को बहुत कम मात्रा में नमक की आवश्यकता होती है। अमेरिकी सरकार सलाह देती है कि यदि आप एक स्वस्थ व्यस्क हैं तो आपको प्रति दिन एक छोटा चम्मच नमक लेने की आवश्यकता है। कुछ अनुसंधानकर्ताओं ने संकेत दिया है कि सोडियम के आवश्यकता से अधिक प्रयोग से उच्च रक्तचाप की समस्या के अलावा यकृत भी खराब हो सकता है। चीन की ''जिनान यूनीवर्सिटी' के शुएसोंग यांग और उनके सहकर्मी सोडियम के कोशकीय स्तर पर संभावित प्रभाव के बारे में पता करना चाहते थे।अनुसंधानकर्ताओं ने एक वयस्क चूहे को अत्यधिक नमकयुक्त आहार दिया और चूहों के भ्रूणों को एक खारे पर्यावरण में रखा। अत्यधिक सोडियम से अजीब आकार की कोशिकाएं विकसित होने, कोशिका समाप्ति में वृद्धि और कोशिका प्रसार में कमी समेत जीवों के यकृत में कई तरह के बदलाव हुए। अनुसंधानकर्ताओं ने पाया कि खराब कोशिकाओं का विटामिन ''सी' के माध्यम से उपचार करके अत्यधिक नमक के कारण हुए दुष्प्रभाव को आंशिक रूप से कम किया जा सकता है। यह अध्ययन ''जर्नल ऑफ एग्रीकल्चर एंड फूड केमिस्ट्री' में प्रकाशित किया गया है।

टाईम पास

आज का राशिफल

मेष (चू चे चो ला ली लू ले लो आ): मध्याह्न पूर्व समय आपके पक्ष का बना रहेगा। कारोबारी काम में प्रगति बनती रहेगी। लेन-देन में आ रही बाधा दूर करने का प्रयास होंगे। धार्मिक कार्य में समय और धन व्यय होगा। अपना काम दूसरों के सहयोग से पूरा होगा। ले देकर की जा रही काम की कोशिश ठीक नहीं। पुराने मित्र से मिलन होगा। शुभांक-3-6-9

वृष (इ उ ए ओ वा वी वू वे वो): समय नकारात्मक परिणाम देने वाला बन रहा है। अपने हितैषी समझे जाने वाले ही पीठ पीछे नुकसान पहुंचाने की कोशिश करेंगे। परिवारजन का सहयोग व समन्वय काम को बनाना आसान करेगा। कारोबारी काम में नवीन तालमेल और समन्वय बन जाएगा। स्वविवेक से कार्य करें। समय का लाभ लें। शुभांक-4-7-9

मिथुन (का की कू घ ड छ के को हा): हित के काम में आ रही बाधा मध्याह्न पश्चात् दूर हो जाएगी। अपने काम आसानी से बनते चले जाएंगे। साथ ही आगे के लिए रास्ता भी बन जाएगा। धार्मिक स्थलों की यात्रा का योग। जीवन साथी अथवा यार-दोस्तों के साथ साझे में किए जा रहे काम में लाभ मिल जाएगा। मनोरथ सिद्धि का योग है। शुभांक-4-6-8

कर्क (ही हू हे हो डा डी डू डे डो): कहीं रुका हुआ पैसा वसूलने में मदद मिल जाएगी। व्यर्थ प्रपंच में समय नहीं गंवाकर अपने काम पर ध्यान दीजिए। कार्यक्षेत्र में आगे बढ़ने में रुकावट का एहसास होगा। विरोधियों के सक्रिय होने की संभावना है। शुभकार्यों में अड़चनें व परिवार के बुजुर्ग-जनों से मतभेद रहेगा। शुभांक-1-5-7

सिंह (मा मी मू मे मो टा टी टू टे): मेल-मिलाप से काम बनाने की कोशिश सफल होगी। कामकाज में आ रहा अवरोध दूर होकर प्रगति का रास्ता मिल जाएगा। अपने काम में सुविधा मिल जाने से प्रगति होगी। समाज में मान-सम्मान बढ़ेगा। नवीन जिम्मेदारी बढ़ने के आसार रहेंगे। यात्रा शुभ रहेगी। अपने काम को प्राथमिकता से करें। शुभांक-1-3-5

कन्या (टो पा पी पू ष ण ठ पे पो): आत्मविश्वास बढ़ेगा। कारोबारी काम में बाधा उभरने से मानसिक अशांति बनी रहेगी। यात्रा का दूरगामी परिणाम मिल जाएगा। सुविधा और समन्वय बना रहने से कामकाज में प्रगति बन जाएगी। आर्थिक हित के काम को साधने में मदद मिल जाएगी। मांगलिक कार्यक्रमों का आयोजन होगा। शुभांक-4-6-8

तुला (रा री रु रे रो ता ती तू ते): अपने काम पर नजर रखिए। स्वास्थ्य लाभ में समय और धन व्यय होगा। लेन-देन में अस्पष्टता ठीक नहीं। मध्याह्न पूर्व समय आपके पक्ष का बना रहेगा। कारोबारी काम में प्रगति बनती रहेगी। लेन-देन में आ रही बाधा दूर करने का प्रयास होंगे। परिश्रम प्रयास से काम बनाने की कोशिश लाभ देगी। शुभांक-2-4-6

वृश्चिक (तो ना नी नू ने नो य यी यू): पर-प्रपंच में ना पड़कर अपने काम पर ध्यान दीजिए। कल का परिश्रम आज लाभ देगा। आलस्य का त्याग करें। कारोबारी काम में नवीन तालमेल और समन्वय बन जाएगा। यार-दोस्तों के साथ साझे में किए जा रहे काम में लाभ मिल जाएगा। पूर्व नियोजित कार्यक्रम सरलता से संपन्न हो जाएंगे। शुभांक-4-6-8

धनु (ये यो भा भी भू धा फा ढा भे): कार्यक्षेत्र में संतोषजनक सफलता मिलेगी। अपनों का सहयोग प्राप्त होगा। शिक्षा में आशानुकूल कार्य होने में संदेह है। व्यापार व व्यवसाय में स्थिति उत्तम रहेगी। नौकरी में पदोन्नति की संभावना है। पारिवारिक विवाद टालें। मित्रों से सावधान रहें तो ज्यादा उत्तम है। यात्रा से लाभ। शुभांक-3-5-6

मकर (भे जा जी खी खू खे खो गा गी): खान-पान में सावधानी रखें। कामकाज में आ रहा अवरोध दूर होकर प्रगति का रास्ता मिल जाएगा। मान-सम्मान में वृद्धि होगी। अच्छे कार्य के लिए रास्ते बना लेंगे। स्वास्थ्य उत्तम रहेगा। निष्ठा से किया गया कार्य पराक्रम व आत्मविश्वास बढ़ाने वाला होगा। संतान-स्त्री पक्ष से लाभ होगा। शुभांक-3-4-6

कुंभ (गू गे गो सा सी सू से सो दा): शारीरिक सुख के लिए व्यसनों का त्याग करें। खान-पान में सावधानी रखें। व्यापार में प्रगति होगी। अपने अधीनस्त लोगों से कम सहयोग मिलेगा। भ्रातृपक्ष में विरोध होने की संभावना है। शिक्षा में आशानुकूल कार्य होने में संदेह है। स्वास्थ्य मध्यम रहेगा। आय के योग बनेंगे। यात्रा का योग है। शुभांक-3-5-6

मीन (दी दू थ झ ञ दे दो चा ची): जीवनसाथी का परामर्श लाभदायक रहेगा। व्यापार व नौकरी में स्थिति अच्छी रहेगी। आलस्य का त्याग करें। पुरुषार्थ का सहारा लें। कार्यसिद्धि होने में देर नहीं लगेगी। आर्थिक लाभ उत्तम रहेगा। शैक्षणिक कार्यों में रुचि बढ़ेगी। परिवार में किसी मांगलिक कार्य पर वार्ता होगी। स्वास्थ्य उत्तम रहेगा। शुभांक-3-5-6

लॉफिंग ज़ोन

संपादक (प्रबंधक से) - अखबार में थोड़ी सी जगह बची है क्या लिखूं?
प्रबंधक - लिख दो, कल चांदनी चौक में डाका पडा, खून हो गया.
संपादक - थोड़ी सी जगह और है.
प्रबंधक - वहां लिख दो - बाद में पता चला यह सब अफवाह थी.

☺ ☺ ☺

वकील (मुजरिम से) - तुमने एक ही दुकान में दोबारा चोरी क्यों की?
मुजरिम - साहब जी, उस दुकान के बाहर लिखा था दोबारा जरूर आएं.

☺ ☺ ☺

मुकेश (ड्राइवर से) - यह टायर पंचर कैसे हुआ?
ड्राइवर - एक कांच की बोतल पर चढ़ गया था.
मुकेश - क्या तुम्हें बोतल दिखाई नहीं दी?
ड्राइवर - जी नहीं, बोतल उस आदमी की जेब में रखी थी जो गाड़ी के नीचे आ गया था!

☺ ☺ ☺

रमेश (नौकर से) - जरा देखना तो कितने बजे हैं?
नौकर - मुझे समय देखना नहीं आता.
रमेश - अच्छा कोई बात नहीं, यह देखकर बताओ कि बडी सुई कहां है और छोटी सुई कहां है?
नौकर - दोनों सुइयां घड़ी में हैं.

काकुरो पहेली - 725



खाली वर्गों में 1 से 9 तक के अंक लिखकर नीचे से ऊपर व दाएं से बाएं की जोड़ हल्के रंग के आधे वर्ग की संख्या से मेल खानी चाहिए.किसी भी अंक का उस जोड़ में पुनः उपयोग नहीं किया जा सकता.

उदाहरणत:



1+2 = 3
1+3 = 4
7+9 = 16
8+9 = 17

काकुरो -724 का हल



फिल्म वर्ग पहेली- 725



बायें से दायें:-

१. मनोजकुमार, हेमा की 'बाली उमरिया भजन करू कैसे' गीत वाली फिल्म-३
३. 'दिल तुझपे फिदा' गीत वाली सैफअली खान, काजोल की फिल्म-३
५. संजयदत्त, शरदकपूर, मनीषा, रवीना की 'ओ गोरी तू चली कहां' गीत वाली फिल्म-२
७. 'लकड़ी की काठी' गीत वाली नसीरूद्दीनशाह, शबाना की फिल्म-३
९. जीतेंद्र, परवीन बाबी की रविकांत निर्देशित एक एक्शन फिल्म-२
११. 'दीवाना तो कह दिया' गीत वाली विकास भल्ला, सुमीत सहगल, नीलम की फिल्म-२
१३. अजय देवगन, जूही चावला की 'लाल लाल होठों पें' गीत वाली फिल्म-४
१५. बोनीकपूर की फिल्म 'रूप की रानी चोरों का राजा' की नायिका थी-३
१६. अमिताभ, वहीदा, जीनत, परवीन की 'हर गोरी रानी यहां' गीत वाली फिल्म-३
१९. 'बाबूजी जरा धीरे' गीत वाली विवेक ओबेराय, दीया मिर्जा की फिल्म-२
२१. अनिल कपूर, माधुरी की 'तू अपने दिल पे मेरा' गीत वाली फिल्म-४
२३. फिल्म 'कोशिश' में संजीवकुमार के साथ नायिका कौन थी-२
२४. फिल्म 'दिलजला' में जैकी श्रॉफ के साथ नायिका कौन थी-३
२५. 'क्या यही प्यार है' गीत वाली संजयदत्त, टीना मुनीम की फिल्म-२
२६. धर्मेन्द्र, हेमा मालिनी की 'जलता है बदन' गीत वाली फिल्म-३,३
२९. फिल्म 'जीवन मृत्यु' में धर्मेन्द्र के साथ नायिका कौन थी-२
३०. फिल्म 'पहला पहला प्यार' में ऋषिकपूर, के साथ नायिका थी-२

ऊपर से नीचे:-

१. जैकीश्रॉफ, रवीना टंडन की फिल्म-२
२. 'तू प्यार का सागर है' गीत वाली फिल्म-२
३. 'कागज कलम दवात ला' गीत वाली अमिताभ, गोविंदा, रजनीकांत की फिल्म-२
४. जीतेंद्र, रामेश्वरी, सारिका की फिल्म-३
६. 'हम तो तेरे आशिक हैं' गीत वाली फिल्म-२
८. मिथुन, आयशा जुल्फा की 'थोड़ा इंतजार का मजा' गीत वाली फिल्म-३
१०. 'ये हसीं वादियां' गीत वाली फिल्म-२
११. राजेश खन्ना, टीना मुनीम की 'जिंदगी प्यार का गीत है, गीत वाली फिल्म-३
१२. 'तिरछी टोपी वाले' गीत वाली फिल्म-३
१३. सुमीत सहगल, शिखा स्वरूप की 'पीछे पीछे आजा मेरी' गीत वाली फिल्म-४
१४. 'गर तुम भुला न दोगे' गीत वाली धर्मेन्द्र शर्मिला टैगोर की फिल्म-३
१६. 'हवा में क्या है' गीत वाली फिल्म-३
१७. 'परदेसी तो हैं परदेसी' गीत वाली जीतेंद्र, रणधीर, राकेश रोशन, रेखा की फिल्म-३
२०. देव आनंद, माला सिन्हा की 'कोई सोने के दिलवाला' गीत वाली फिल्म-२
२१. 'हमारी ही मुट्ठी में' गीत वाली नाना पाटेकर, डिम्पल कपाड़िया की फिल्म-३
२२. अमिताभ, परवीन, आशापारेख कीफिल्म-३
२३. 'क्या मोहब्बत है' गीत वाली फिल्म-४
२४. शशिकपूर, शबाना आजमी की फिल्म-३
२७. 'मेरे ख्वाबों का' गीत वाली जॉन अब्राहम, बिपाशा बसु की फिल्म-२
२८. लक्की अली, गौरी कार्णिक की 'खोया है तूने जो' गीत वाली फिल्म-२

फिल्म वर्ग पहेली- 724

सूडोकु -725

7							4	
		5		3			7	
					8			2
					1	9		
	2						8	
		6	7					
1			4					
	9			2		5		
	8							1

- प्रत्येक पंक्ति में 1 से 9 तक के अंक भरे जाने आवश्यक हैं.
- प्रत्येक आड़ी और खड़ी पंक्ति में एवं 3×3 के वर्ग में किसी भी अंक की पुनरावृत्ति न हो इसका विशेष ध्यान रखें.
- पहले से मौजूद अंकों को आप हटा नहीं सकते .
- पहेली का केवल एक ही हल है.

सूडोकु -724 का हल

8	4	5	6	1	3	7	2	9
7	2	6	4	9	5	3	8	1
9	3	1	7	8	2	6	5	4
1	7	2	9	6	8	4	3	5
5	6	9	3	2	4	1	7	8
4	8	3	5	7	1	9	6	2
2	9	7	1	5	6	8	4	3
3	1	8	2	4	7	5	9	6
6	5	4	8	3	9	2	1	7

शब्द पहेली - 725



बाएँ से दाएँ

1.अनाथालय-5
4.जैन धर्म के चौबीसवें तीर्थंकर-4
7.कमरा,रूम-2
8.फिजूल-3
9.अंग्रेजी शराब-2
10.अनर्गल (अंग्रेजी-4)
11.लक्ष्मी,कमला-2
13.ध्वनिहीनता,शांति-4
14.देवता,देव-2
16.प्रणाम,नमस्कार-3
18.रुधिरहीन,कमजोर-3
19.प्रस्थान करना-3,2
21.पालने वाला,ईश्वर-5
24.प्रेम,चाहना-3
26.वन,अरण्य,जंगल-3
28.विदेशी मदिरा-2
29.छिड़कना-4
30.धूल,मिट्टी-2
32.अंगीकार करना-4
33.छापा,सतत वर्षा-2
35.विरुद्ध-3
36.सुबह,प्रातःकाल-2
37.जोकर,विदूषक-4
38.संन्यासी,साधु-3,2

ऊपर से नीचे

1.इसके सवाल युधिष्ठर ने हल किये थे -2
2.उदारता,बड़प्पन-4
3.पत्नी का नाना-2,3
4.दसवीं राशि -3
5.बहादुर,निडर-2
6.एक मुस्लिम महीना-4
7.कहानी लेखक-5
10.नाव चलाना-2,2
12.सम्मान-2
15.मारकाट,खून खराबा-4
17.पैगंबर, जीवन रक्षक-3
18.कुकर्म,दुष्कर्म-4
20.गाड़ी,यान-3
22.इंकार करना-4
23.रचना करनेवाला, रचयिता -5
25.जीवनसाथी-5
26.कारोबार,व्यवसाय-4
27.मादा का विलोम-2
29.निर्झरणशील-4
31.ढेर,काफी सारा (उर्दू-3)
34.मजा,आनंद-2
36.भोगने वाला,कामी-2

शब्द पहेली -724 का हल



कृष्ण जन्मभूमि पर जरूर बनेगा भगवान श्रीकृष्ण का भव्य मंदिर : साध्वी ऋतंभरा

एजेंसी

नई दिल्ली। परम शक्तिपीठ की अध्यक्ष साध्वी ऋतंभरा ने कहा कि कृष्ण जन्मभूमि पर भगवान श्रीकृष्ण का मंदिर एक दिन अवश्य बनेगा और जल्द ही न्यायालय से यह निर्णय सभी के सामने आएगाढ्ढ यह बात उन्होंने दिल्ली विधानसभा अध्यक्ष विजेंद्र गुप्ता के साथ पुस्तक हमारे प्रेरणा स्रोत- द्वापर के श्रीकृष्ण के लोकार्पण के मौके पर कही। इस पुस्तक का लोकार्पण दिल्ली के श्रीआल इंडिया श्वेतांबर स्थानकवासी जैन कॉन्फ्रेंस के केंद्रीय कार्यालय (जैन भवन) स्थित सभागार में हुआ। पुस्तक को लेखक दीपक कुमार ने लिखा है। लोकार्पण समारोह में विशेष अतिथि के रूप में साध्वी ऋतंभरा के साथ विशिष्ट अतिथि के रूप में श्रीआल इंडिया श्वेतांबर स्थानकवासी जैन कॉन्फ्रेंस के राष्ट्रीय अध्यक्ष अतुल जैन एवं महामंत्री डॉ. अमितराय जैन, अखिल भारतीय इतिहास संकलन योजना के राष्ट्रीय संगठन सचिव डॉ. बालमुकुन्द पाण्डेय, दिल्ली विधानसभा के अध्यक्ष विजेंद्र गुप्ता, वरिष्ठ अधिवक्ता विष्णु शंकर जैन, जैन कॉन्फ्रेंस के राष्ट्रीय समन्वयक प्रशांत जैन सहित कई अन्य गणमान्य लोगों ने हिस्सा लिया।

राजकीय सम्मान के साथ हुआ गुजरात के पूर्व मुख्यमंत्री विजय रूपाणी का अंतिम संस्कार

अहमदाबाद। गुजरात के पूर्व मुख्यमंत्री विजय रूपाणी का राजकीय सम्मान के साथ अंतिम संस्कार राजकोट में पूरा हो गया है।राजकोट के नागरिक भी अपने लोकप्रिय नेता को अंतिम विदाई देने के लिए बड़ी संख्या में उमड़ पड़े। पूर्व मुख्यमंत्री विजयभाई रूपाणी की अंतिम यात्रा में केंद्रीय गृह मंत्री अमित भाई शाह, राज्यपाल आचार्य देवव्रत, मुख्यमंत्री भूपेंद्र पटेल, केंद्रीय मंत्री सी. आर. पाटील, बी.एल. संतोष, भीखू दलसाणिया तथा अन्य वरिष्ठ मंत्रियों और नेताओं ने उपस्थित रहकर उन्हें अंतिम श्रद्धांजलि अर्पित की।अंतिम संस्कार से पहले विजय रूपाणी को 21 बंदूकों की सलामी दी गई। मूसलधार बारिश के बावजूद विजयभाई को विदाई देने के लिए भारी भीड़ उपस्थित रही और इस दौरान विजयभाई अमर रहे के नारे भी गूंज उठे।विमान दुर्घटना में पूर्व मुख्यमंत्री विजयभाई रूपाणी का निधन होने से समूचा राज्य शोकाकुल हो गया था। उनकी अंतिम यात्रा आज राजकोट में आयोजित की गई।

कोर्ट ने वजाहत खान की पुलिस हिरासत 23 जून तक बढ़ाई

कोलकाता। कोलकाता की अलीपुर पुलिस कोर्ट में अपर मुख्य न्यायिक दंडाधिकारी अमित सरकार ने वजाहत खान की पुलिस हिरासत 23 जून तक बढ़ा दी। कोलकाता पुलिस ने 9 जून को वजाहत खान को सोशल मीडिया पोस्ट में कथित भड़काऊ भाषण देने के आरोप में एमहर्स्ट स्ट्रीट इलाके से गिरफ्तार किया था।

इससे पहले वजाहत खान ने सोशल मीडिया इन्फ्लुएंसर और कानून की छात्रा शर्मिष्ठा पनौली के खिलाफ कथित आपत्तिजनक पोस्ट को लेकर शिकायत दर्ज कराई थी। इसके बाद वजाहत खान के खिलाफ पश्चिम बंगाल के विभिन्न हिस्सों में पांच शिकायतें दर्ज हुईं, जिनमें धार्मिक भावनाएं भड़काने और घृणा फैलाने का आरोप लगाया गया। हरियाणा पुलिस भी कोर्ट में पेश हुई और वजाहत खान की गिरफ्तारी के लिए वारंट दाखिल किया। खान के वकील संखाजीत एल. मित्रा ने कोर्ट में कहा कि हम जमानत की प्रार्थना कर रहे हैं। हम जांच में पूरा सहयोग करेंगे। वहीं, मुख्य लोक अभियोजक सौरीन घोषाल ने कहा कि एक मोबाइल जब्त किया गया है लेकिन एक और मोबाइल और लैपटॉप अब भी लापता हैं। जांच जारी है और पोस्ट को हटाया गया था लेकिन उसका स्क्रीनशॉट मौजूद है। फिलहाल जांच जारी है। रशीदी फाउंडेशन का सह-संस्थापक वजाहत खान पर भारतीय न्याय संहिता की धारा 196(1) विभिन्न समूहों के बीच वैमनस्य बढ़ाना, धारा 299 जानबूझकर धार्मिक भावनाएं आहत करना, धारा 352 अपमानजनक इरादे से उकसाना और धारा 353(1) सार्वजनिक उपद्रव भड़काने वाले बयान के तहत केस दर्ज किया गया है।

बिहार में आकाशीय बिजली गिरने से नौ की मौत

पटन। बिहार में सोमवार को बक्सर, पश्चिम चंपारण, लखीसराय और कैमूर में आकाशीय बिजली गिरने से नौ लोगों की मौत हो गई। इसमें बक्सर में चार, पश्चिम चंपारण में तीन और लखीसराय व कैमूर में एक-एक शख्स की मौत हुई है। मृतकों में दो महिलाएं और दो छात्र शामिल हैं जबकि कई बच्चे और अन्य लोग घायल हुए हैं। बक्सर जिले के अलग-अलग हिस्सों में आकाशीय बिजली की चपेट में आने से चार युवकों की मौत हो गई और पांच युवक झुलस गए। इनका इलाज चल रहा है। मुफस्सिल थाना के चौसा थाना घाट के समीप तीन लोगों की मौत हुई है। राजपुर थाना के दवेढ़ियां गांव में 12 वर्षीय बालक की मौत हो गई है। दोपहर दो बजे के लगभग अचानक मौसम बदला और बादल गरजने के साथ थाना घाट चौसा के समीप बिजली गिरी। वहां कुछ लोग भैंस चरा रहे थे और पास में बच्चे क्रिकेट खेल रहे थे। इस दुर्घटना में विरेन्द्र गोंड (50) पुत्र स्व सूरज गोंड, मिथिलेश राम (22) बलिराम राम एवं श्रीभगवान उर्फ झोला यादव (50) निवासी नरबतपुर की मौत हो गई। घायलों में सोनू राम (18) पुत्र नंदजी राम, लालू राम (18) पुत्र बलिराम राम, नीरज कुमार (उम्र लगभग 18 वर्ष) पुत्र अमर भारती एवं अमित कुमार चौधरी (30) पिता उपेन्द्र चौधरी शामिल हैं।

भाजपा कार्यकर्ताओं के डीएनए में परिश्रम और जनता की सेवा : राजनाथ सिंह

एजेंसी

पचमढ़ी। रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह ने कहा कि परिश्रम और जनता की सेवा भाजपा के कार्यकर्ताओं के डीएनए में है। मध्य प्रदेश की पर्यटन नगरी पचमढ़ी में राज्य के भाजपा सांसदों और विधायकों के प्रशिक्षण वर्ग के समापन के मौके पर रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह ने कहा कि सभी सांसद और विधायक हमेशा संगठन से जुड़े रहें, क्योंकि संगठन तब भी था, जब सत्ता नहीं थी। उन्होंने कहा कि कार्यकर्ताओं को सम्मान दें और उनकी बातें सुनें, क्योंकि भाजपा की असली ताकत जनता का भरोसा और कार्यकर्ताओं का परिश्रम ही है। जनता की सेवा हमारे डीएनए में है, हम जनसेवक हैं, शासक नहीं हैं। जनता का भरोसा और कार्यकर्ताओं का परिश्रम ही भाजपा की असली ताकत है। हमारा उद्देश्य सत्ता प्राप्ति नहीं,

जनता की सेवा है, इसलिए हमने अपने विचारों से कभी समझौता नहीं किया। हमारी कथनी और करनी में कोई अंतर नहीं है। उन्होंने कहा कि भारतीय जनता पार्टी में प्रशिक्षण की परंपरा सतत और प्राचीन है। यह पार्टी की कार्यशैली का अंग है। पार्टी की विकास यात्रा में तीन चीजें नहीं बदलीं। ये हैं प्रशिक्षण, सांस्कृतिक राष्ट्रवाद और गरीब कल्याण की भावना। अटल बिहारी वाजपेयी ने कहा था कि सत्ता प्राप्ति का उद्देश्य सिर्फ राष्ट्रसेवा होनी चाहिए। हमारी जिस वैचारिक यात्रा का शुभारंभ डॉ. श्यामा प्रसाद मुखर्जी और पंडित दीनदयाल उपाध्याय ने किया था, वह आज भी जारी है और हमारे लिए राजनीति राष्ट्रनिर्माण का सशक्त माध्यम है। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में हमारी यह यात्रा आज भी चल रही है और भारत दुनिया की तीसरी बड़ी अर्थव्यवस्था बनने जा रहा है। लेकिन, हमने अपनी विचारधारा और सिद्धांतों से समझौता नहीं किया। हमारी नीयत और नीतियां आज भी वही हैं। हम अपने मूल विचार से भटके नहीं हैं। उन्होंने संगठन की ताकत का जिक्र करते हुए कहा कि हमें यह लगातार चिंतन करना होगा कि संगठन कैसे मजबूत हो, संवाद कैसे गहरा हो, हमारी विचारधारा और पारदर्शिता को कैसे बनाए रखा जाए।

महोबा में भीषण सड़क हादसा, कार से टकराई बाइक, 5 की मौत

एजेंसी

महोबा । उत्तर प्रदेश के महोबा जिले में दर्दनाक सड़क दुर्घटना में 5 लोगों की मौत हो गई और 3 लोग गंभीर रूप से घायल हो गए। हादसा उस वक्त हुआ जब श्रीनगर थाना क्षेत्र के अंतर्गत ननौरा गांव के पास एक तेज रफ्तार गाड़ी और बाइक में आमने-सामने की जबरदस्त भिड़ंत हो गई। पुलिस के मुताबिक, बगरोन गांव निवासी कुश कुमार की पत्नी कंचन और अन्य परिजन गाड़ी में सवार थे।

वो ननौरा गांव में एक पारिवारिक कार्यक्रम में आए थे। हालांकि गांव के पास जैसे ही गाड़ी एक मोड़ पर पहुंची, अचानक उसका टायर फट गया। इससे गाड़ी अनियंत्रित होकर सामने से आ रही बाइक से टकरा गई। इसके बाद दोनों वाहन एक गड्ढे में गिर गए। इस टक्कर में बाइक के परखच्चे उड़ गए और कार भी क्षतिग्रस्त हो गई। हादसे के बाद घटनास्थल पर चीख-पुकार मच गई। स्थानीय ग्रामीणों की भारी भीड़ मौके पर जुटी, जिन्होंने घायलों को बाहर निकाला। सूचना मिलने के बाद पुलिस और प्रशासनिक अधिकारी घटनास्थल पर गए। हादसे में घायल सभी लोगों को अस्पताल ले जाया गया, जिनमें से 5 लोगों को डॉक्टर ने मृत घोषित कर दिया। मरने वालों में दो बाइक सवार शामिल हैं। फिलहाल 3 अन्य घायलों का अस्पताल में इलाज चल रहा है। एएसपी वंदना सिंह ने कहा, पुलिस को ईको कार और बाइक में टक्कर की सूचना मिली थी। पुलिस और प्रशासनिक अधिकारी तुरंत मौके पर गए।

गिद्ध संरक्षण की दृष्टि से महत्वपूर्ण स्थान है जोड़बीड़, यहां वल्चर ब्रीडिंग सेंटर की स्थापना के होंगे प्रयास : अर्जुन राम मेघवाल

एजेंसी

जयपुर। केंद्रीय विधि एवं न्याय मंत्री अर्जुन राम मेघवाल ने कहा कि बीकानेर का जोड़बीड़ क्षेत्र गिद्ध संरक्षण के लिए पूरी दुनिया में विशेष पहचान रखता है। यहां सात दुर्लभ प्रजातियों के गिद्ध प्रतिवर्ष अक्टूबर से मार्च तक आते हैं। इसके मद्देनजर यहां 'वल्चर ब्रीडिंग सेंटर' की स्थापना की दिशा में कार्य किया जाएगा।मेघवाल ने बीकानेर के जोड़बीड़ में 'वंदे गंगा, जल संरक्षण जन अभियान' तथा लव कुश वाटिका लोकार्पण कार्यक्रम के दौरान यह बात कही। केंद्रीय मंत्री मेघवाल ने कहा कि वर्तमान में हरियाणा, असम, पश्चिम बंगाल और मध्यप्रदेश सहित देश के चार राज्यों पर वल्चर ब्रीडिंग सेंटर संचालित हैं। बीकानेर में यह केंद्र स्थापित हो, इसके लिए उच्च स्तर पर प्रयास किए जा रहे हैं। उन्होंने कहा कि लगभग चार करोड़ रुपए की लागत से यह केंद्र बीकानेर में खुलने से क्षेत्र को गिद्ध संरक्षण के क्षेत्र में नई पहचान मिलेगी। मेघवाल ने कहा कि मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा द्वारा जल संरक्षण और ऐतिहासिक जल संग्रहण केंद्रों के संरक्षण का बीड़ा उठाया गया है। इसके दूरगामी परिणाम सामने

आएंगे। उन्होंने कहा कि आज के दौर में पेयजल का अपव्यय रोकना सबसे जरूरी है। जल का दुरुपयोग करने वाले को जल संरक्षण के लिए प्रेरित करना जरूरी है। यहां लव कुश वाटिका स्थापित होने से यह पर्यटन स्थल के रूप में भी विकसित होगा। उन्होंने अधिक से अधिक लोगों को इसका अवलोकन करवाने का आह्वान किया तथा कहा कि यहां विभिन्न कार्यक्रम आयोजित किया जाएं, जिससे आमजन को इसके महत्व की जानकारी हो सके। वन एवं पर्यावरण मंत्री संजय शर्मा ने कहा कि मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा के हरियालो राजस्थान संकल्प को मूर्त रूप देने के लिए वन विभाग पूरी मुस्तैदी से कार्य कर रहा है। उन्होंने बताया कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने 5 जून 2024 को एक पेड़ मां के नाम लगाने का आह्वान किया। भारत सरकार द्वारा राज्य को 3 करोड़ पौधे लगाने का लक्ष्य दिया गया। मुख्यमंत्री ने इसे बढ़ाते हुए 7 करोड़ पौधारोपण का लक्ष्य रखा, जबकि वन विभाग और राज्य सरकार के अन्य विभागों, स्वयंसेवी संस्थाओं और आमजन के सहयोग से गत वर्ष प्रदेश में 7 करोड़ 22 लाख पौधे लगाए गए।

सांसद-विधायकों को प्रशिक्षण वर्ग में केंद्रीय व प्रदेश नेतृत्व का मिला मार्गदर्शन: विष्णुदत्त शर्मा

एजेंसी

भोपाल/पचमढ़ी। भारतीय जनता पार्टी द्वारा पचमढ़ी में आयोजित सांसद-विधायकों के तीन दिवसीय प्रशिक्षण वर्ग संपन्न हो गया। पार्टी प्रदेश अध्यक्ष विष्णुदत्त शर्मा ने प्रशिक्षण वर्ग के समापन के बाद मीडिया को बाइट देते हुए कहा कि तीन दिवसीय प्रशिक्षण वर्ग का शुभारंभ केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह एवं समापन रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह ने किया।

प्रशिक्षण वर्ग में पार्टी के राष्ट्रीय सह संगठन महामंत्री शिवप्रकाश के साथ केंद्रीय व प्रदेश नेतृत्व का हम सभी सांसद-विधायकों को विभिन्न विषयों पर मार्गदर्शन प्राप्त हुआ है। उन्होंने कहा कि प्रशिक्षण वर्ग में जनप्रतिनिधियों ने वैचारिक प्रतिबद्धता व जनसेवा के संकल्प को और दृढ़ किया। भाजपा संगठन में प्रशिक्षण एक सतत प्रक्रिया है, जिनमें लगातार सीखने, आत्ममंथन करने व जनसेवा हेतु सदैव समर्पित रहने के साथ ही सैद्धांतिक और व्यवहारिक विषयों पर समय-समय पर अपेक्षित कार्यकर्ताओं का प्रशिक्षण होता है। इसी कार्यपद्धति से ही भाजपा अन्य सभी राजनीतिक दलों से अलग है। शर्मा ने कहा कि भाजपा संगठन की कार्यपद्धति में सभी कार्यकर्ता, कि केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह ने वर्ष 1951 में जनसंघ की स्थापना से लेकर अब तक पार्टी की यात्रा पर विस्तार से मार्गदर्शन किया। रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह ने समापन सत्र

पदाधिकारी और जनप्रतिनिधिगण सदैव सेवाभावी होते हैं क्योंकि हमारे संगठन में पद का अर्थ केवल सेवाभाव है। यही कारण भी है कि भाजपा सरकार की योजनाओं और संगठन की नीतियों के निर्माण में जनता और राष्ट्र सेवा का भाव सदैव प्रमुख होता है। यह प्रशिक्षण वर्ग हमारे विशिष्ट कार्य पद्धति का हिस्सा है। समय-समय पर इस तरह के प्रशिक्षण वर्ग निरंतर होते रहे हैं। भाजपा प्रदेश अध्यक्ष शर्मा ने कहा में कहा कि मैं पार्टी का राष्ट्रीय अध्यक्ष रहा हूं, लेकिन मैं एक कार्यकर्ता हूं। इसी भाव से हम सभी सांसद-विधायक इस प्रशिक्षण वर्ग में शामिल हुए।

पार्टी के राष्ट्रीय सह संगठन महामंत्री शिवप्रकाश ने समन्वय-प्रक्रिया, समस्या एवं समाधान विषय पर और मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने विकसित मध्य प्रदेश अवसर और चुनौतियां विषय पर सत्र को संबोधित किया।

अनुराग ठाकुर का केजरीवाल पर निशाना, 'राज्यसभा पहुंचने के लिए सांसद को विधानसभा उपचुनाव में उतारा'

एजेंसी

लुधियाना। पूर्व केंद्रीय मंत्री एवं भारतीय जनता पार्टी के सांसद अनुराग ठाकुर ने आम आदमी पार्टी (आप) के राष्ट्रीय संयोजक अरविंद केजरीवाल पर जुबानी हमला किया। उन्होंने दावा किया कि अरविंद केजरीवाल राज्यसभा की सीट पाने के लिए एक सांसद को विधानसभा उपचुनाव में उतार रहे हैं।भाजपा सांसद अनुराग ठाकुर ने लुधियाना पश्चिम से पार्टी प्रत्याशी जीवन गुप्ता के पक्ष में रोड शो किया। दरअसल, आप विधायक गुरप्रीत बस्सी गोगी के निधन के बाद लुधियाना पश्चिम सीट जनवरी में खाली हो गई थी, जिस पर उपचुनाव होना है भाजपा सांसद अनुराग ठाकुर ने सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म %एक्स% पर रोड शो की तस्वीर पोस्ट करते हुए लिखा, ÷आम आदमी पार्टी के कुशासन से

आज पंजाब की जनता पूरी तरह त्रस्त हो गई है। पंजाब की आप सरकार सत्ता में आने से पहले किए गए वादों को पूरा करने में पूरी तरह विफल रही है। राज्य में विकास कार्य थम गए हैं और सरकार ने युवाओं को रोजगार, किसानों को राहत और भ्रष्टाचार मुक्त प्रशासन के जो वादे किए थे, वे सब अधूरे रह गए हैं। लुधियाना उपचुनाव में मतदाताओं के पास सरकार को जवाब देने और उसकी नाकामियों पर सबक सिखाने का अवसर है।प्रदेश की आप सरकार पर निशाना साधते हुए उन्होंने कहा, तीन साल के दौरान आम आदमी पार्टी की सरकार अपने वादों को पूरा करने में विफल रही है। महिलाओं को राशि देने की गारंटी हो या पंजाब को नशा मुक्त कराने की बात, पंजाब सरकार ने कुछ नहीं किया। भाजपा सांसद ने कहा, राज्यसभा सदस्य को उपचुनाव लड़ाया जा रहा है। इससे साफ साबित होता है कि अरविंद केजरीवाल को राज्यसभा भेजने की तैयारी है। अनुराग ठाकुर ने कहा, सरकार सारे मामलों में विफल रही है और अब मौका है कि इस बार जीवन गुप्ता को विधानसभा में भेजा जाए ताकि 2027 की नींव रखी जा सके।

मप्र में चौथी कोरोना पॉजिटिव महिला की मौत, इंदौर में फिर मिले दो नए मरीज

एजेंसी

भोपाल। मध्य प्रदेश में एक और कोरोना पॉजिटिव महिला की मौत हो गई है। इस साल प्रदेश में कोरोना संक्रमित मरीज की यह चौथी मौत है। मंडला जिले के नारायणगंज निवासी महिला की रविवार रात जबलपुर के मेडिकल कॉलेज में मौत हुई। महिला गर्भवती थी और उसे डिलीवरी के लिए भर्ती कराया गया था। मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी डॉ. संजय मिश्रा ने बताया कि नारायणगंज से रेफर होकर आई महिला का सर्दी और खांसी के लक्षण देखकर कोरोना टेस्ट कराया गया था, जिसकी रिपोर्ट पॉजिटिव आई। इसके बाद महिला की सर्जरी की गई, उसने बच्चे को जन्म दिया और उसे मेडिसिन वार्ड में शिफ्ट कर दिया गया। रविवार देर रात उसकी मौत हो गई। बच्चे को फिलहाल मेडिकल कॉलेज के चाइल्ड वार्ड में भर्ती किया गया है। इससे पहले इंदौर में कोरोना संक्रमित तीन महिलाओं की मौत हो चुकी है। रतलाम की रहने वाली टीबी, ब्रोंकाइटिस और हाई ब्लड प्रेशर जैसी गंभीर बीमारियों से पीड़ित 52 वर्षीय महिला को गत 8 जून को सांस लेने में तकलीफ के कारण प्राइवेट अस्पताल में भर्ती किया गया था, जहां 10 जून को रिपोर्ट में कोरोना संक्रमण की पुष्टि हुई, जिसके बाद उन्हें सरकारी अस्पताल एमआरटीबी के आइसोलेशन वार्ड में शिफ्ट किया गया, लेकिन बीते बुधवार को उनकी मौत हो गई। इससे पहले 6 जून को खरगोन की 44 वर्षीय महिला की एमआरटीबी अस्पताल में मौत हुई थी। वह हाल ही में एमटीएच अस्पताल में बच्चे को जन्म देने के बाद संक्रमित पाई गई थीं।

प्रवासी भाई-बहनों के सहयोग से प्रदेश बनेगा अग्रणी : मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा

एजेंसी

जयपुर। मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा ने कहा कि राजस्थानियों ने अपने सामर्थ्य की बदौलत विश्वभर में प्रदेश का मान बढ़ाया है। उन्होंने अपनी कर्मभूमि पर काम करते हुए मातृभूमि पर सामाजिक सरोकारों के कार्यों में पूर्ण रूप से समर्पित होकर कार्य किया है। मुख्यमंत्री ने कहा कि प्रवासी राजस्थानियों के योगदान के सम्मान में राज्य सरकार आगामी 10 दिसम्बर को प्रवासी राजस्थानी सम्मेलन का आयोजन करने जा रही है। उन्होंने अधिकारियों को आयोजन को सफल बनाने के लिए समयबद्ध रूप से कार्य करने के लिए निर्देशित किया। शर्मा मुख्यमंत्री निवास पर प्रवासी राजस्थानी सम्मेलन-2025 की कार्ययोजना के संबंध में आयोजित बैठक की अध्यक्षता कर रहे थे।

उन्होंने कहा कि प्रवासी राजस्थानियों की सहूलियत और उनके मुद्दों के लिए हमने कई कदम उठाए हैं। राज्य सरकार उनके लिए एक नए विभाग का गठन करने जा रही है। साथ ही, सभी जिलों में अतिरिक्त जिला कलक्टर को प्रवासी राजस्थानियों से संबंधित मुद्दों के समाधान के लिए नोडल अधिकारी बनाने के संबंध में आदेश एवं गाइडलाइन भी जारी हो चुकी है। इस सिंगल प्वाइंट कॉन्टैक्ट के माध्यम से प्रवासी भाई-बहनों के विषयों पर त्वरित कार्यवाही होगी। शर्मा ने अधिकारियों को इस संबंध में कार्य प्रगति की नियमित समीक्षा करने के निर्देश दिए। मुख्यमंत्री ने कहा कि जयपुर में आयोजित होने वाले इस एक दिवसीय सम्मेलन में देश-विदेश से बड़ी संख्या में प्रवासी राजस्थानी शामिल होंगे।

सम्मेलन में कर्मभूमि से मातृभूमि अभियान के तहत सहयोग प्रदान कर रहे प्रवासी राजस्थानियों को भी विशेष रूप से आमंत्रित किया जाएगा। साथ ही सामाजिक, आर्थिक एवं औद्योगिक आदि क्षेत्रों में योगदान एवं उपलब्धि अर्जित करने वाले प्रवासी राजस्थानियों को सम्मेलन में सम्मानित भी किया जाएगा। उल्लेखनीय है कि मुख्यमंत्री शर्मा की पहल पर हर वर्ष 10 दिसम्बर को प्रवासी राजस्थानी दिवस मनाने की शुरूआत की गई है।

ऊना जिले में 26 करोड़ के विकास कार्यों का शुभारंभ, खुलेगा राज्य का पहला सरकारी सीबीएसई स्कूल

एजेंसी

ऊना । हिमाचल प्रदेश के मुख्यमंत्री सुखविंदर सिंह सुक्खू ने ऊना को तोहफा दिया है। ऊना में 25.79 करोड़ रुपए की विकास परियोजनाओं का लोकार्पण और शिलान्यास हुआ। इस दौरान मुख्यमंत्री ने ऊना में राज्य के पहले सीबीएसई पैटर्न पर आधारित सरकारी स्कूल खोलने की घोषणा की। मुख्यमंत्री सुखविंदर सिंह सुक्खू के ऊना पहुंचने पर स्थानीय नेताओं और कार्यकर्ताओं ने उनका स्वागत किया। इसके बाद सीएम सुक्खू कार्यक्रम स्थल पर गए। उन्होंने ऊना में 8.79 करोड़ रुपए की लागत से बने राजकीय वरिष्ठ माध्यमिक (बाल) पाठशाला के नवनिर्मित भवन का उद्घाटन किया। इसके बाद मुख्यमंत्री ने 12 करोड़ रुपए की लागत से निर्मित राजकीय डिग्री



कॉलेज के अत्याधुनिक शैक्षणिक ब्लॉक का उद्घाटन किया। इस ब्लॉक में स्मार्ट क्लासरूम, विज्ञान प्रयोगशाला और प्रशासनिक इकाइयां शामिल हैं। साथ ही, मुख्यमंत्री ने ऊना में पांच करोड़ रुपए की अनुमानित लागत से बनने वाले गर्ल्स हॉस्टल की आधारशिला रखी। यह छात्रावास दूर-दराज के क्षेत्रों से आने वाली छात्राओं को सुरक्षित और सुविधाजनक आवास उपलब्ध कराएगा। कार्यक्रम के दौरान उन्होंने कॉलेज परिसर में पौधारोपण भी किया। अपने संबोधन में मुख्यमंत्री ने ऐलान किया कि हिमाचल प्रदेश का पहला सरकारी स्कूल जो सीबीएसई पैटर्न पर आधारित होगा, वह राजकीय वरिष्ठ माध्यमिक (बाल) पाठशाला, ऊना परिसर में खोला जाएगा। उन्होंने कहा, ÷ह कदम राज्य में गुणवत्तापूर्ण शिक्षा की दिशा में एक बड़ी पहल है और इससे सरकारी स्कूलों के शिक्षा स्तर में सुधार आएगा। मंच से सुक्खू ने यह भी घोषणा की कि, प्रदेश के सभी छात्र-खिलाड़ी, जो राष्ट्रीय या अंतर्राष्ट्रीय स्तर की प्रतियोगिताओं में हिस्सा लेंगे, उन्हें विद्यालय की अटेंडेंस में जरूरी रियायत दी जाएगी। इस संबंध में सभी प्रधानाध्यापकों और प्राचार्यों को तत्काल प्रभाव से निर्देश जारी कर दिए गए हैं। ऊना में मुख्यमंत्री सुखविंदर सिंह सुक्खू ने बीजेपी के आरोपों पर भी जवाब दिया। उन्होंने कहा कि कांग्रेस सरकार अपने वादे पूरे करने की दिशा में आगे बढ़ रही है। मुख्यमंत्री सुक्खू ने कहा, कांग्रेस सरकार अपने वादों को निभाने के लिए लगातार काम कर रही है, लेकिन बीजेपी नेताओं ने प्रदेश को केंद्र से मिलने वाले हकों से वंचित करने का प्रयास किया है।

भारतवर्ष में सनातन की विविध धर्म धाराएं अद्वितीय सांस्कृतिक संवाद का परिचायक : चंपतराय

एजेंसी

जालौन। बृज कुंवर देवी एल्ड्रिच पब्लिक स्कूल उरई में चल रहे विश्व हिन्दू परिषद् शिक्षा वर्ग को सम्बोधित करते हुए विश्व हिन्दू परिषद् के केन्द्रीय उपाध्यक्ष चम्पतराय ने कहा कि आज हम एक ऐसे विषय पर विचार करने हेतु एकत्र हुए हैं जो न केवल हमारे धार्मिक, सांस्कृतिक और आध्यात्मिक मूल्यों को उजागर करता है, बल्कि हमारे भारतवर्ष की एकता, विविधता और सहिष्णुता का भी परिचायक है। जैन, बौद्ध, सिख ये सनातन धर्म के ही अंग हैं। उन्होंने कहा कि सनातन धर्म कोई संकुचित परिभाषा नहीं, यह एक जीवन दृष्टि है। जिसमें मानव मात्र को दिव्यता से जोड़ने का प्रयास है। यही कारण है कि इसी सनातन परम्परा की कोख से समय-समय पर विविध धार्मिक धाराएँ जन्म लेती रहीं, जिनमें जैन, बौद्ध और सिख धर्म प्रमुख हैं। जैन धर्म, जिसकी जड़ें वैदिक युग जितनी ही प्राचीन हैं, आत्मा की शुद्धता, अहिंसा, अपरिग्रह और तपस्या को जीवन का सार मानता है। भगवान ऋषभदेव को शास्त्रों में प्रथम तीर्थंकर और एक 'वेदज्ञ' पुरुष के रूप में उल्लेखित किया गया है। जो भगवान गौतम बुद्ध की करुणा और ज्ञान की प्रेरणा से फला-फूला, वह भी कर्म, पुनर्जन्म और मोक्ष जैसे सनातन सिद्धांतों पर आधारित है। बुद्ध स्वयं हिंदू परम्परा के क्षत्रिय कुल में जन्मे और वैदिक संस्कृति में पले-बढ़े। गुरु नानक देव द्वारा प्रवर्तित इस धर्म की जड़ें भी सनातन मूल्य-व्यवस्था में ही हैं।

लाडली बहनों और माताओं को आत्मनिर्भर और सशक्त बनाना हमारा लक्ष्य : मुख्यमंत्री

एजेंसी

भोपाल। मुख्यमंत्री डॉ मोहन यादव ने कहा कि माताओं, बहनों और बेटियों को मान-सम्मान और उनका वाजिब हक दिलाने में राज्य सरकार कोई कसर नहीं छोड़ेगी। लाडली बहनों को आत्मनिर्भर बनाने, सुरक्षा, सम्मान, स्वाभिमान और समृद्धि प्रदान करने के लिए हमारी सरकार द्वारा हर महीने बहनों के खातों में राशि भेजकर बहनों का रक्षाबंधन मनवाया जा रहा है। अगले महीने रक्षाबंधन के उपलक्ष्य में लाडली बहनों को 250 रुपये बढ़ाकर दिया जाएगा, जिससे ताकि बहनें उत्साहपूर्वक त्यौहार मना सकें।मुख्यमंत्री डॉ यादव सोमवार शाम को जबलपुर जिले के बेलखेड़ा गांव में लाडली बहना एवं महिला सम्मेलन को संबोधित कर रहे थे। उन्होंने प्रदेश की लाडली बहनों सहित अन्य योजनाओं के हितग्राहियों को सिंगल क्लिक के जरिये 2081 करोड़ रुपसे से अधिक की सम्मान एवं सहायता राशि अंतरित की। मुख्यमंत्री ने कहा कि हमारी सरकार ने विरासत से विकास का संकल्प लिया है। जबलपुर क्षेत्र महारानी दुर्गावती, रानी अवंतीबाई जैसी वीरांगनाओं की धरती है। हमारी सरकार ने इन वीरांगनाओं के नाम पर योजनाएं चलाई हैं। इनका लाभ प्रदेश की लाखों महिलाओं को मिल रहा है। उन्होंने कहा कि प्रदेश की माताओं और बहनों को आत्मनिर्भर और स्वावलंबी बनाना ही हमारा लक्ष्य है। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के कुशल नेतृत्व में पूरे देश सहित मध्य प्रदेश की महिलाएं आर्थिक रूप से सशक्त हो रही हैं। मुख्यमंत्री ने प्रदेश की एक करोड़ 27 लाख लाडली बहनों के खातों में लाडली बहना योजना की जून माह की किश्त 1551 करोड़ 44 लाख रुपये अंतरित किये। योजनान्तर्गत लाडली बहनों को मिलने वाली यह 25वीं किश्त है। योजना में प्रत्येक लाडली बहना को प्रत्येक माह 1250 रुपये की राशि उनके बैंक खाता में अंतरित की जाती है। मुख्यमंत्री ने कहा कि लाडली बहनों की जिंदगी को बेहतर करने मध्य प्रदेश सरकार प्रति महीने साढ़े पंद्रह सौ करोड़ रुपये अंतरित करती है। पिछले डेढ़ साल में 30 हजार करोड़ रुपये से अधिक की राशि बहनों को दी गई है। मुख्यमंत्री ने 56 लाख 68 हजार सामाजिक सुरक्षा पेंशन हितग्राहियों के खातों में 341 करोड़ रुपये की राशि 27 लाख से अधिक बहनों को प्रधानमंत्री उज्ज्वला योजना के तहत सिलेंडर रिफिलिंग की 39.14 करोड़ रुपये की अनुदान राशि और मुख्यमंत्री जन कल्याण (संबल) योजना में 6 हजार 821 श्रमिक परिवारों को 150 करोड़ रुपये की अनुग्रह राशि का भी सिंगल क्लिक से अंतरण किया। मुख्यमंत्री ने कार्यक्रम में विभिन्न हितग्राही मूलक योजनाओं के लाभार्थियों को हितलाभ वितरण करने के साथ ही करीब 22 करोड़ 44 लाख रुपये के विकास कार्यों का भी लोकार्पण और भूमि-पूजन किया।

सोना सूख गया

चीन में हुनसेन नाम का राजा शासन करता था। वह बहुत कंजूस था। दान-पुण्य तो दूर, जनता की जरूरतें पूरी करने के लिए भी धन नहीं निकालता था। उसके पास सोने-चांदी का अपार भंडार था, लेकिन वह किसी की मदद नहीं करता था। राजा के महल से कुछ दूरी पर सिनचिन नामक एक वृद्ध की छोटी-सी झोंपड़ी थी। सिनचिन उस समय चीन का सबसे बुद्धिमान व्यक्ति माना जाता था। राजा की आदतों से वह भी परेशान था। अतः उसने राजा को सबक सिखाने की ठान ली।

एक दिन वह अपने मित्रों से सोने के नन्हे-नन्हे चार टुकड़े उधार लाया। उसने सोने के उन टुकड़ों को पीली चमकती हुई एक बड़ी छलनी में रखा और पास बहती नदी के किनारे जा बैठा। इस नदी पर राजा रोज स्नान करने आता था। सिनचिन ने दूर से ही राजा को आते हुए देखा। वह ऐसा अभिनय करने लगा, मानो छलनी में कुछ छान रहा हो। राजा ने उसके पास आकर पूछा, ल्लसिनचिन, यह क्या कर रहे हो? तुम्हें सुबह-सुबह रेत छानने की क्या आवश्यकता पड़ गई?
सिनचिन ने कहा, महाराज, मैं तो इस रेत में छिपा सोना ढूंढ़ रहा हूं.ङ्क
राजा कुछ कहता, इससे पहले ही सिनचिन ने छलनी भर रेत निकाली और छान दी। छलनी के ऊपर सोने के चार छोटे-छोटे टुकड़े चमक रहे थे।
राजा ने आश्चर्य से पूछा, ल्लरेत में सोना! यह कैसे किया?
सिनचिन ने समझाते हुए जवाब दिया, ल्लहुजूर, आज से महीना भर पहले मैंने सोने का एक छोटा सा टुकड़ा इस जगह पर बोया था। देखिए हुजूर, पूरे चार टुकड़े निकले हैं। यदि मैं कुछ और सब्र करता, तो यहां बहुत से टुकड़े मिलते।
राजा ने चौंकते हुए कहा, ल्लक्या बकवास करते हो? भला क्या सोने की भी खेती की जा सकती है?
सिनचिन ने कहा, क्यों नहीं हुजूर? आप खुद ही देख लीजिए। मैं तो गरीब आदमी हूं। पिछले दस वर्षों से इसी प्रकार सोना बोता हूं और काट लेता हूं। इसी सोने से मेरा पेट पलता है।
राजा ने नाराजगी भरे स्वर में कहा, तुमने मुझे पहले क्यों नहीं बताया? मेरे पास तो सोने का ढेर है। मुझे पता होता, तो मैं सारा सोना बो देता। आज तक तो मेरा महल सोने से भर गया होता।
इस पर सिनचिन ने कहा, हुजूर, अब भी देर नहीं हुई है। आप अब भी बो लीजिए। छह महीने बाद देखिएगा, तो फसल लहलहाती नजर आएगी।
राजा ने सिनचिन के कंधे पर हाथ रखते हुए जवाब दिया, देखो सिनचिन, तुम तो एक अनुभवी आदमी हो। मेरी ओर से तुम सोने की खेती करो। इसके लिए तुम्हें जितना सोना चाहिए, तुम ले सकते हो। आज ही मेरे साथ महल में चलो। इस काम के लिए तो तुम मेरे सेवकों को भी साथ ले सकते हो।
सिनचिन तो मानो इस मौके की प्रतीक्षा में था। वह तुरंत राजी हो गया। वह महल में गया और सोने के ढेरों टुकड़े ले आया। राजा ने अपने दस सेवक भी सिनचिन को मदद के लिए दे दिए।
देखते ही देखते, नदी के किनारे खुदाई का काम शुरू हो गया। सिनचिन के कहे अनुसार, सेवकों ने वहां पर सोना बीज की तरह बो दिया। ऊपर रेत डाल दी। सिनचिन ने राजा को आश्वासन दिया कि छह महीने बाद बोए हुए सोने का तीन गुना सोना मिल जाएगा।
इस बीच सिनचिन रोज रात को नदी किनारे जाने लगा। वहां पर वह रोज थोड़ा सा हिस्सा खोदता और वहां दबा सोना अपने झोले में रख लाता। अगले दिन सुबह ही वह सारा सोना गरीबों में बांट देता था। धीरे-धीरे जनता की गरीबी मिटने लगी।
